▸ वर्ष 21 ▸ अंक-168 ▸ मुंबई, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य ₹ 4

# जागरूक टाइम्स

www.jagruktimes.co.in

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित










## प्रयागराज महाकुंभ 2025 शुरु



# डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन : योगी

**महाकुंभ नगर।** पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ मेला सोमवार से शुरू हो गया। सोमवार को करीब डेढ़ करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है, मानवता के मंगलपर्व 'महाकुंभ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

### अधिकारियों का जताया आभार

प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, यूपी पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद! पुण्य फलें, महाकुंभ चलें।"

### स्नान करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु-पर्यटक

- ब्राजील, स्पेन, द. अफ्रीका एवं अन्य देशों से आईं महिलाएं

- प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो गई है। ये धार्मिक आयोजन अब तक का सबसे भव्य आयोजन साबित हो सकता है, जिसमें देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। महाकुंभ की शुरुआत पर विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे हैं। पौष पूर्णिमा के अवसर पर ब्राजील से आई एक विदेशी महिला श्रद्धालु ने संगम में डुबकी लगाई और यहां के अनुभव को अदभुत बताया। उन्होंने कहा "भारत आध्यात्मिक केंद्र है, गंगा का जल काफी ठंडा है, लेकिन दिल गर्मजोशी से भरा है। वह मोक्ष की तलाश में पहली बार भारत आईं हैं और लगातार योग का अभ्यास करतीं हैं।"

### दुनिया भर से पहुंच रहे श्रद्धालु

स्पेन की एक विदेशी श्रद्धालु ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के बाद इसे भाग्यशाली अनुभव बताया। दक्षिण अफ्रीका से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यहां का माहौल बहुत सुंदर है और लोग खुशहाल और मिलनसार हैं। ये सब यह दिखाता है कि महाकुंभ न केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है।

### 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे

इस साल महाकुंभ में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए लाखों लोग त्रिवेणी संगम पहुंचे हैं। महाकुंभ 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान पवित्र स्नान के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### महाकुंभ पर पीएम का खास संदेश



- प्रयागराज में सोमवार से महाकुंभ का आयोजन शुरू हो गया। इस बड़े अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खास संदेश दिया है। पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए एक बेहद खास दिन करार दिया है। एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा- "पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ प्रयागराज की पुण्यभूमि पर महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़े इस दिव्य अवसर पर मैं सभी श्रद्धालुओं का हृदय से वंदन और अभिनंदन करता हूं।

# जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन



**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में जेड-मोड़ सुरंग परियोजना का उद्घाटन किया। इस सुरंग को जम्मू-कश्मीर समेत पूरे भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुरंग के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन बाद इस क्षेत्र के आम लोगों और भारतीय सेना को बड़े स्तर पर फायदा होने जा रहा है।

### पर्यटन और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

#### कहां है यह सुरंग

जेड-मोड़ सुरंग परियोजना मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच बनाई गई है। ये सुरंग समुद्र तल से 8650 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सुरंग को दोनों दिशाओं के यातायात के लिए तैयार किया गया है।

#### क्या है फायदा?

इस सुरंग की मदद से लोगों के लिए पर्यटक स्थल तक पूरे साल पहुंचना सुलभ हो जाएगा। सुरंग निर्माण पर 2717 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। सुरंग से श्रीनगर और लद्दाख के बीच साल भर निर्बाध यातायात सुनिश्चित होगा। हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों को दरकिनार करते हुए सुरंग यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएगी।




#### जनता-सेना दोनों का फायदा

जेड-मोड़ सुरंग की मदद से जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा तो मिलेगा ही, इसके साथ स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सुरंग श्रीनगर से लेह तक स्थानीय कृषि वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। पहले बर्फबारी के सीजन में इस क्षेत्र में सड़कें बंद हो जाती थीं और केवल 6 महीने तक ही पर्यटन हो पाता था। हालांकि सुरंग बनने से अब सालभर पर्यटक आएंगे। साथ ही जेड-मोड़ सुरंग जरूरी सैन्य साजो-सामान की भी बिना रुकावट आपूर्ति के लिए अहमियत रखता है।

#### प्रति घंटे गुजर सकते 1000 वाहन

जोजिला सुरंग जिसका निर्माण साल 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है, उसके साथ जेड-मोड़ सुरंग कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच की दूरी को 49 किलोमीटर से घटाकर 43 किलोमीटर कर देगी। इस सुरंग में वाहन 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की जगह 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। बता दें कि इस सुरंग से प्रति घंटे 1000 वाहन गुजर सकते हैं।

# एक माह से दलाल स्ट्रीट पर गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सोमवार को फिर भारी गिरावट देखी गई। बीएसई में 1000 अंक से अधिक गिरावट आई, जबकि निफ्टी 500 अंक से अधिक गिर गया। अमेरिका में अप्रत्याशित रूप से मजबूत रोजगार रिपोर्ट ने फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया था। इसी चिंताओं ने भारतीय बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

- ▸▸ निवेशकों के 12 लाख करोड़ स्वाहा
- ▸▸ सेंसेक्स ने लगाई 1000 अंक की डुबकी



### सभी कंपनियों का मार्केट कैप गिरा

बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 11.74 लाख करोड़ रुपए से घटकर 418.57 लाख करोड़ रुपए रह गया। सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांक में गिरावट आई है। पिछले 20 साल में कुंभ मेले के दौरान शेयर बाजार में हर बार गिरावट रही है।

### सबसे ज्यादा गिरावट 2015 में

सबसे ज्यादा गिरावट 2015 में नासिक में हुए कुंभ मेले के दौरान हुई थी। 14 जुलाई से 28 सितंबर तक चले कुंभ के दौरान सेंसेक्स 8.29 फीसदी गिरा था। इससे पहले 2021 में हरिद्वार में हुए कुंभ के दौरान 18 दिन में इसमें 4.16 फीसदी गिरावट आई थी। यह मेला एक से 19 अप्रेल तक चला था। इस बार कुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी के दौरान होना है।

# सत्येन्द्र जैन की मुश्किलें बढ़ीं

आय से अधिक संपत्ति का मामला

### सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव से पहले आप नेता और पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई को सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। एजेंसी ने चार जनवरी को इस मामले में एक पूरक आरोप पत्र दायर किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले को विचार के लिए सूचीबद्ध किया है।

#### अक्टूबर में मिली थी जमानत

दिल्ली की एक अदालत ने अक्टूबर 2024 में ही सत्येंद्र जैन को जमानत दी थी। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मई 2022 में गिरफ्तार किया था।

#### शकूर बस्ती से प्रत्याशी

- इस बार भी आम आदमी पार्टी ने शकूर बस्ती सीट से सत्येंद्र जैन को टिकट दिया है। यहां से लगातार तीन बार सत्येंद्र जैन चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में इस सीट पर सत्येंद्र जैन प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। बीजेपी ने करनैल सिंह को और कांग्रेस ने सतीश लूथरा को टिकट दिया है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए संकेत

# धार्मिक शहरों में बंद होंगी शराब की दुकानें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राज्य के धार्मिक नगरों में शराब बंदी पर विचार कर रही है। काफी समय से राज्य की धार्मिक नगरियों में शराब को बैन किए जाने की मांग की जा रही थी। अब साधु-संतों के सुझाव के बाद मध्य प्रदेश की सरकार धार्मिक शहरों में शराब बंदी की तैयारी कर रही है।

- साधु-संतों के सुझाव बाद सरकार कर रही तैयारी

#### बदले जाएंगे 11 गांवों के नाम



- दूसरी ओर नए साल की शुरुआत से ही सीएम मोहन यादव राज्य में गांव और पंचायतों के नाम बदल रहे हैं। बीती पांच जनवरी को एमपी में तीन पंचायतों के नाम बदले गए थे। अब मुख्यमंत्री ने राज्य के 11 गांवों के नाम बदलने का ऐलान किया है। सीएम मोहन यादव ने शाजापुर के कालापीपल क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद पुर मछनाई का नाम बदलते हुए मोहनपुर तो ढाबला हुसैनपुर का नाम बदलजर ढाबलाराम कर दिया है।

# कल महाराष्ट्र में मोदी, कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास



### राष्ट्र को मिलेंगे तीन अग्रणी नौसैनिक युद्धपोत

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। पीएम मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन अग्रिम पंक्ति के नौसैनिक जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। तीन प्रमुख नौसैनिक लड़ाकू जहाजों का जलावतरण भारत के रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

#### इस्कॉन मंदिर का करेंगे उद्घाटन

पीएम भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन की परियोजना श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। नौ एकड़ में फैली इस परियोजना में कई देवताओं वाला एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय और सभागार, उपचार केंद्र आदि शामिल हैं। इसका उद्देश्य वैदिक शिक्षाओं के माध्यम से सार्वभौमिक भाईचारे, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है। सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाली हैं।

साइबर क्राइम पर दूरसंचार विभाग का प्रहार

# 35 हजार वाट्सऐप नंबर और हजारों ग्रुप बैन

- ▸▸ चैनल्स पर भी डॉट ने लगाए प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने साइबर क्राइम पर बड़ा प्रहार करते हुए करीब 35 हजार वाट्सऐप अकाउंट्स को बैन कर दिया है। साथ ही 70 हजार से ज्यादा वाट्सऐप ग्रुप्स और कम्युनिटी पर भी एक्शन लिया गया है। पिछले महीने भी डॉट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों फर्जी एसएमएस टेम्पलेट्स को ब्लॉक कर दिया था। दूरसंचार विभाग पिछले कुछ महीनों से बढ़ते साइबर क्राइम पर कार्रवाई कर रहा है। यही नहीं डॉट और ट्राई ने अपनी कई पॉलिसी को भी रिवाइज किया है, ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके। डॉट ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से जानकारी शेयर करते हुए कहा है कि दूरसंचार विभाग और जागरूक नागरिकों की वजह से 34,951 वाट्सऐप अकाउंट को ब्लॉक किया गया है। 73,789 वाट्सऐप ग्रुप और कम्यपुनिटी को भी बैन किया गया है। अगर आपको भी फ्रॉड का शक हो तो उसे फौरन सरकारी पोर्टल चक्षु (Sanchar-saathi.gov.in) पर रिपोर्ट करें। सरकार ने 2023 में इस पोर्टल को लॉन्च किया था। अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लग चुका है।

'सर्जिकल साइट इंफेक्शन' की रिपोर्ट में खुलासा

# हर साल 15 लाख लोग होते संक्रमित

**नई दिल्ली।** 'सर्जिकल साइट इंफेक्शन' की रिपोर्ट के मुताबिक सर्जरी के बाद होने वाले इंफेक्शन के कारण हर साल करीब 15 लाख लोग बीमार पड़ रहे हैं। आईसीएमआर की स्टडी के मुताबिक दिल्ली के एम्स और मशहूर हॉस्पीटल ने तीन हजार 90 मरीजों की सर्जरी के बाद हुई स्टडी में खुलासा हुआ है। इस स्टडी के मुताबिक आर्थोपेडिक सर्जरी के इंफेक्शन के करीब 54 फीसदी



मामले सामने आए हैं। सर्जरी के बाद होने वाले इंफेक्शन को सर्जिकल साइट इंफेक्शन कहा जाता है। इस पर कंट्रोल करने एक खास नेटवर्क लॉन्च किया गया है।

#### कब होता सर्जिकल साइट्स इंफेक्शन

सर्जरी के दौरान लगाए गए कट के कारण बैक्टीरिया का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण 'सर्जिकल साइट्स इंफेक्शन' का रिस्क काफी ज्यादा बढ़ जाता है। सर्जरी के बाद इंफेक्शन का खतरा भी उन लोगों को काफी ज्यादा होता है, जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है। साथ ही जिन लोगों की सर्जरी के बाद ठीक से देखभाल नहीं होती है, उन्हें इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा होता है।

# 30 दिन, तीन परिवार, 12 मौतें

**राजौरी।** राजौरी जिले के बड्डाल इलाके में एक बार फिर संदिग्ध बीमारी ने अपना कहर बरपाया है। इस बार छह बच्चे बीमार हुए, जिनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे उसी घर में खाना खाने के बाद बीमार हुए, जहां एक महीने पहले चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार को बड्डाल निवासी मोहम्मद असलम अपने परिवार के साथ फजल हुसैन के घर गया था। खाना खाने के बाद लौटने पर उसके तीन बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को पहले बुखार हुआ, फिर उल्टियां और पसीना आने लगा। गंभीर हालत में बच्चों को राजोरी के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## न्यूज BRIEF

### बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त तलब

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बॉर्डर से संबंधित मुद्दों को लेकर बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को तलब किया है। नूरल इस्लाम को तलब ऐसे समय पर किया गया है, जब रविवार को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए बांग्लादेश विदेश कार्यालय में तलब किया गया था।

### कच्छ में पाक नागरिक गिरफ्तार




**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले में बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है, जो भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। यह घटना 12 जनवरी की है, जब बीएसएफ के जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए एक पाकिस्तानी नागरिक को भारतीय सीमा में प्रवेश करते हुए पकड़ लिया। यह व्यक्ति हरामी नाला के उत्तर क्षेत्र से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

### आतिशी नहीं कर सकीं नामांकन



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार के दिन नामांकन नहीं कर पाईं। नामांकन करने के लिए उम्मीदवार को दोपहर तीन बजे तक डीएम ऑफिस पहुंचना होता है लेकिन आतिशी चुनाव आयोग कार्यालय गईं थीं। इस वजह से वह समय रहते डीएम ऑफिस नहीं पहुंच पाईं और उनका नामांकन नहीं हो सका।

### तिरुपति में लड्डू काउंटर के पास आग



**तिरुपति।** तिरुपति मंदिर में लड्डू काउंटर के पास आग लगी है। जिससे प्रसाद लेने वाले भक्तों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की वजह कंप्यूटर सेटअप से जुड़े यूपीएस में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। प्रशासन मंदिर में लगी आग को बुझाने में लगा हुआ है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी हुई थी।

# एक साथ आए तुर्की-भारत के उद्यमी

## बीटूबी व्यापार संवाद सत्र का सफल आयोजन



- महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर ने तुर्की प्रतिनिधिमंडल ने लिया सक्रिय रूप से भाग

**मुंबई।** महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (एमएसीसीआईए) ने तुर्की के व्यापार और उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बेहद सफल बीटूबी व्यापार संवाद सत्र का आयोजन किया। मुंबई में स्थित के.आर. बेडमुथ, छटवीं मंजिल, एमएसीसीआईए में आयोजित इन कार्यक्रम में सहयोग और विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए दोनों देशों के प्रमुख उद्यमी और व्यवसायी एक साथ आए। इस सम्मेलन में तुर्की के कॉन्सुल जनरल (महावाणिज्यदूत) महामहिम मुस्तफा एच. इ. केमालेटिन एरुयगुर और तुर्की के कमर्शियल अटॅची मुस्तफा फुरकान अल्बायराक के नेतृत्व में 20 सदस्यीय तुर्की प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुंबई जोन 1 के उपाध्यक्ष करुणाकर शेट्टी, अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं व्यापार समिति के अध्यक्ष, गगन महोत्रा, महिला उद्यमी समिति की अध्यक्ष श्रीमती धनश्री हरदास, जी.सी. सदस्य एवं अन्य सदस्यगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### प्रमुख बिंदु : द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना

महामहिम मुस्तफा केमालेटीन एरुयगुर ने तुर्की में भारतीय व्यवसायों के लिए उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर रोशनी डाली, जिसमें खाद्य, फिल्म और फुटबॉल जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने भारतीय उद्यमियों को खुबानी और हेज़लनट्स जैसे तुर्की निर्यातों की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया तथा भारतीय बाज़ार के लिए लाभदायक साझेदार के रूप में तुर्की की संभावनाओं पर चर्चा की। करुणाकर शेट्टी ने भारत और तुर्की के बीच पर्यटन संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है और साल दर साल बढ़ रहा है।

### भारत में व्यापार करने में आसानी

गगन महोत्रा ने व्यापार करने में आसानी के मामले में भारत में हुए उल्लेखनीय सुधारों पर प्रकाश डाला तथा निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए एकल खिड़की मंजूरी की उपलब्धता पर प्रकाश डाला।

### उत्प्रेरक के रूप में महिला उद्यमी

एमएसीसीआईए की महिला उद्यमी समिति की अध्यक्ष डॉ. धनश्री हरदास ने दोनों देशों के बीच औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने में महिला उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### बी2बी संचार

सम्मेलन में सार्थक चर्चाएं और परिचय हुए, जिससे प्रतिभागियों के लिए सहयोगात्मक पहलों की खोज करने हेतु एक मंच तैयार हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गतिशील प्रश्नोत्तर सत्र था, जहां दोनों पक्षों के प्रतिभागियों ने द्विपक्षीय विकास को बढ़ावा देने के लिए विचारों और समाधानों का सक्रिय रूप से आदान-प्रदान किया।

### प्रसिद्ध वक्ताओं के भाषण

बीटासाइंस प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख तेवफिक डोनमेज़ ने संभावित औद्योगिक सहयोग के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। मुस्तफा फुरकान अलबायराक ने तुर्की की निर्यात शक्ति और सहयोग के अवसरों पर रोशनी डाली। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. धनश्री हरदास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसके बाद नेटवर्किंग सत्र, जलपान और व्यक्तिगत बी2बी बैठकें हुईं। इस ऐतिहासिक बातचीत ने विभिन्न क्षेत्रों में नवीन

गोवा में आयोजित वॉटर ऑप्टिमाइजेशन अवॉर्ड्स-2025

# बजाज समूह के पॉवर प्लांट्स की नए साल में शानदार शुरुआत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** देश के प्रमुख औद्योगिक घराने बजाज समूह के अंतर्गत बजाज एनर्जी और ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) को जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोवा में आयोजित मिशन एनर्जी फाउंडेशन के प्रतिष्ठित वॉटर ऑप्टिमाइजेशन अवॉर्ड्स- 2025 के गरिमापूर्ण समारोह में सम्मानित किया गया है। मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित ये पुरस्कार उन संगठनों को सम्मानित करते हैं, जो असाधारण जल प्रबंधन प्रथाओं का प्रदर्शन करते हैं। बजाज समूह की ललितपुर पावर जेनेरेशन कम्पनी लिमिटेड को 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) को 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जल पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण संयंत्र' का पुरस्कार मिला है। यह

### मिशन एनर्जी फाउंडेशन, जल संरक्षण को मिले तीन पुरस्कार



मिशन एनर्जी फाउंडेशन के वॉटर ऑप्टिमाइजेशन अवॉर्ड्स में जल संरक्षण के लिए मिले प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण करते हुए बजाज समूह के वरिष्ठ अधिकारी।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं के प्रति कम्पनियों की उल्लेखनीय प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बजाज समूह के मुख्य स्थिरता अधिकारी डा. ए.वी. सिंह ने ये पुरस्कार प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पूर्व निदेशक आर एन जिंदल के हाथों ग्रहण किए। इस उपलब्धि पर डा. ए.वी. सिंह ने कहा कि हम इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को प्राप्त करके रोमांचित हैं, जो जल संरक्षण और संधारणीय प्रथाओं के प्रति हमारे प्रयासों को मान्यता देते हैं। बजाज समूह में हम अपने सभी कार्यों में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन पुरस्कारों ने हमें एक संधारणीय भविष्य की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया है।

मीरा भाईंदर मनपा का प्रयास

# पर्यावरण संवर्धन और विकास में संतुलन बनाए रखें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा- भाईंदर।** मीरा-भाईंदर मनपा ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए 'समाज केंद्रित हरित पुनर्बांधणी और सतत गृह निर्माण उपक्रम' नामक प्रकल्प शुरू किया है, जिसे नवशक्ति नगर और नवयुग संकुल में लागू किया गया है।



▶▶ समाज केंद्रित हरित पुनर्बांधणी और सतत गृह निर्माण उपक्रम' नामक प्रकल्प किया शुरू

इस प्रकल्प के तहत बिजली खपत कम करने और घरों में प्राकृतिक ठंडक बढ़ाने के लिए वेंटिलेशन बैंड, छत के नीचे एल्युफॉयल, एसआरआर पेंट, ऊर्जा दक्ष पंखे, मोशन सेंसर लाइट्स और सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं। इसके अलावा, सामुदायिक खेती की भी शुरुआत की गई है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक सब्जियां उगा रहे हैं। इस प्रकल्प के कारण बिजली खपत में कमी आई है, जिसे स्थानीय निवासियों ने महसूस किया है। मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने शनिवार को प्रकल्प का निरीक्षण कर नागरिकों से बातचीत की और इस पहल को पूरे शहर में लागू करने की मंशा व्यक्त की। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह प्रकल्प आधुनिक जीवनशैली से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

# श्रीखेतेश्वर पैदल यात्रा संघ द्वारा 111वीं यात्रा संपन्न

## यात्रा के लाभार्थी राण सिंह गुंदेशा मादा का स्वागत



**मुंबई।** यात्रा के लाभार्थी राण सिंह गुंदेशा मादा का स्वागत यात्रा परिवार नरपत सिंह सुकरलाई, प्रकाश भाई बरलूट, शिव सिंह ढारिया,नरपत सिंह इंद्राणा, श्रवण सिंह कनोडिया उमेद सिंह बारवा द्वारा सामाजिक अग्रणी मनोज शर्मा ,जितेंद्र शर्मा का स्वागत मदन सिंह बारवा ,मेहर सिंह ,कमलेश सिंह बसन्त, नारायण सिंह मेंगलवा,हनुमान सिंह मादा ,अमृत भटाना, निब सिंह सोढा इंद्राणा,गोपाल सिंह ओड़वाड़ा, शक्ति सिंह सिनिया द्वारा किया गया। आज यात्रा में पहली बार पधारे दलवीर सिंह दुदोड़ ने शिव धुने के सामने संकल्प लिया कि सूरत में हूं, तब तक नियमित यात्रा में आऊंगा उनका स्वागत नारायण सिंह काकेलाव, कैलाश सिंह चांचौड़ी, जगदीश (दाढ़ी बाबा) झाड़ोली ,मोहन सिंह गुड़ानाल, गंगा सिंह रायथल द्वारा किया। यात्रा संघ के सयोजक महेंद्र सिंह नेता ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि अभी कुंभ मेला आरंभ हो रहा है। परमपूज्य गुरुदेव तुलसाराम महाराज वहां विराजमान है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने उनकी अगवानी की है। काफी प्रसन्न भाव से ब्रह्मलीन दाता खेताराम का आशीर्वाद पूज्य तुलसारामजी महाराज के द्वारा लिया है। स्वयं ब्रह्मा और खेताराम दाता दिव्य अलौकिक रूप से दिव्य अदृश्य रूप से वहां विराजमान है। अन्न क्षेत्र और रहने की पूरी व्यवस्था की गई है सभी से आग्रह किया मेले में जरूर पधारे दर्शन का लाभ गंगा स्नान का लाभ ले और दिव्य भव्य कार्यक्रम के सारथी बने। मनुष्य जीवन में ऐसा विलक्षण संजोग बहुत ही कम मिलता है। प्रकाश भाई बरलूट ने कल मकर संक्रांति के निमित गौग्रास हेतु पूरे सूरत में दान संग्रह हेतु पथमेड़ा गौशाला सेवार्थ जगह जगह स्टोल लगेंगे। सभी से आग्रह किया कि सबको दान पुण्य से साथ सेवा पूण्य भी लेना है। अतः समय दान देकर इस कार्य को सार्थक बनाकर गौमाता का आशीर्वाद ग्रहण करना है। पैदल यात्रा संघ द्वारा यात्रा में पधारे सभी भक्तों का मदनसिंह बारवा ने आभार व्यक्त किया।

# महापारेषण के राज्य भार प्रेषण केंद्र को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

## महापारेषण के अध्यक्ष और एमडी ने टीम को दी बधाई



**मुंबई।** बिजली की उपलब्धता के अनुसार आपूर्ति और नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नवाचारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए महापारेषण के महाराष्ट्र राज्य भार प्रेषण केंद्र, ऐरोली को 'देश का सर्वश्रेष्ठ भार प्रेषण केंद्र' और 'ओपन ऍक्सेस (एसएलडीसी)' जैसे दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महापारेषण के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार (भा.प्र. से.) ने टीम को बधाई दी। इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईपीपीएआई) द्वारा बेलगावी में आयोजित इस पुरस्कार समारोह में देशभर की विद्युत कंपनियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद, महाराष्ट्र राज्य विद्युत नियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष वी. राजा, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राकेशनाथ, और ग्रिड इंडिया के पूर्व प्रबंध निदेशक एस. के. सोनी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। महाराष्ट्र राज्य भार प्रेषण केंद्र, ऐरोली की ओर से यह पुरस्कार अधीक्षक अभियंता मिलिंद देवले, उमेश भगत, उपमहाप्रबंधक नितीन पौनीकर, सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) आनंद दलवी, कार्यकारी अभियंता दिनेश पाटील, प्रबंधक (मानव संसाधन) योगेश अघोर, और सहायक अभियंता विजय कांबळे ने प्राप्त किया। इन पुरस्कारों के लिए महाराष्ट्र राज्य भार प्रेषण केंद्र के कार्यकारी निदेशक शशांक जेवलीकर और मुख्य अभियंता गिरीश पंतोजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

5-नवी मुंबई मनपा अतिक्रमण विभाग

# बेलापूर क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग ने संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के बावजूद नोटिस का पालन न किए जाने के कारण, अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। यह कार्रवाई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा बेलापूर क्षेत्र में की गई। जरतु भिमा जाधव, घर क्रमांक 445, सेक्टर 20, बेलापूर तालाब के पास, बेलापूर, नवी मुंबई और 2) विजय वासुदेव सागवेकर, घर क्रमांक 0444, बेलापूर तालाब के पास, बेलापूर, नवी मुंबई, इन दोनों के अनधिकृत निर्माण के खिलाफ ए विभाग, बेलापूर कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन और नगर रचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी की गई थी। इन व्यक्तियों को अनधिकृत निर्माण स्वेच्छा से हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने निर्माण जारी रखा। ए विभाग, बेलापूर कार्यालय ने तोड़क कार्रवाई अभियान आयोजित कर धारा 54 के तहत जारी नोटिस के आधार पर 02 अनधिकृत निर्माण हटाए। साथ ही,



बेलापूर खिंड स्थित कातकरी पाड़ा में कुल 07 झोपड़ियों को नवी मुंबई मनपा के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा निष्कासित किया गया। इस कार्रवाई में डॉ. अमोल पालवे, सहायक आयुक्त तथा क्षेत्रीय अधिकारी, बेलापूर के नियंत्रण में, रमेश राठोड़, प्रशासकीय अधिकारी, आत्माराम काले कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्रवाई के लिए ए विभाग, बेलापूर क्षेत्र के अधिकारी, 30 मजदूर, एक मुकादम, नौ हैमर, पांच गैस कटर, दो पिकअप वैन, एक जेसीबी और अतिक्रमण विभाग के पुलिसकर्मी तैनात थे। मनपा ने भविष्य में भी इस प्रकार की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और अधिक सख्ती से करने की चेतावनी दी है।

# मीरा-भाईंदर मनपा के बेड़े में सक्शन कम जेटिंग यांत्रिक वाहनों का लोकार्पण

**मीरा-भाईंदर।** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के मार्गदर्शन में 13 जनवरी को परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, के शुभहस्ते तथा विधायक नरेंद्र मेहता और मीरा-भाईंदर मनपा के आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा. प्र.से) की उपस्थिति में मनपा के बेड़े में सेक्शनस कम जेटिंग यांत्रिक वाहनों का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर, उपायुक्त डा. सचिन बांगर, कार्यकारी अभियंता, शाखा अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, मनपा के अधिकारी/कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। शहर की मलजल पाइपलाइनों, भूमिगत नालों, सेप्टिक टैंकों और मलजल संग्रहण केंद्रों की नियमित सफाई और रखरखाव के लिए मीरा- भाईंदर मनपा के बेड़े में शामिल किए गए अत्याधुनिक सक्शन कम जेटिंग यांत्रिक वाहन हैं। इनमें से एक मशीन 8 टन वजन की है और दूसरी 18.5 टन वजन की। इन यांत्रिक वाहनों के माध्यम से मीरा- भाईंदर शहर की सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी और सफाई कर्मचारियों को भी अब सुरक्षित तरीके से काम करने का अवसर मिलेगा। केंद्र सरकार के आवास और शहरी विकास मंत्रालय ने राज्य के चुनिंदा शहरों में प्रायोगिक तौर पर मलजल पाइपलाइनों, भूमिगत नालों, सेप्टिक टैंकों और मलजल संग्रहण केंद्रों की यांत्रिक सफाई के लिए



अत्याधुनिक सक्शन कम जेटिंग यांत्रिक वाहन उपलब्ध कराए हैं। केंद्र और राज्य सरकार के फंड से मीरा- भाईंदर मनपा को ये वाहन प्राप्त हुए हैं। इन मशीनों की मदद से अब सफाई का कार्य नियमित और अत्यधिक प्रभावी तरीके से किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन आधुनिक यांत्रिक वाहनों को शामिल किया गया है। इससे सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दे का समाधान हुआ है और सफाई व्यवस्था और अधिक सक्षम हुई है। मीरा-भाईंदर मनपा ने इन नई तकनीकों की मदद से शहर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से) ने विश्वास व्यक्त किया कि इन यांत्रिक वाहनों के उपयोग से सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा में बड़ा सुधार होगा और शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल**
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.) – 462020 (भारत)

एनआईटी क्र. AIIMSBHOPAL-Tender/NIT/25-26/014 दिनांक : 13.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)**

एम्स, भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माताओं/डीलरों/वितरकों/ठेकेदारों से निम्नलिखित सामग्री हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| ई–टेंडर आई डी नं. | एम्स भोपाल में अपेक्षित सामग्री/सेवाएँ | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 16/SE/Project Cell/ABEU/AIIMS/BL/2024-25 | एम्स भोपाल के पूरे परिसर में (2025–2026) हॉर्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग कार्य के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध | विवरण नहीं दिया गया है |
| GEM/2024/B/5652795 | अल्ट्रासाउंड मशीन | 2,00,00,000/- |

उक्त ई–टेंडर से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता कृपया ई–मेल :- www.aiimsbhopal.edu.in एवं seoffice@aiimsbhopal.edu.in, spso@aiimsbhopal.edu.in पर विजिट करें। टेंडर, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- www.aiimsbhopal.edu.in एवं सीपीपी पोर्टल : www.eprocure.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं । निविदा आमंत्रण सूचना से संबंधित कोई भी सुधार/संशोधन केवल इन्हीं वेबसाइटों पर प्रकाशित किए जाएंगे ।

निदेशक, एम्स, भोपाल की ओर से
प्रभारी वरिष्ठ क्रय–सह–भंडार अधिकारी



**महापारेषण** – महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित

**जाहीर निवेदन**

मुंबई व नवी मुंबई उपनगरात तसेच ठाणे व रायगड जिल्हयातील ग्रामीण व शहरी परिसरात या विभागांतर्गत येणाऱ्या १,००,००० व्होल्ट, २,२०,००० व्होल्ट, ४,००,००० व्होल्ट या अति उच्च दाब वाहिन्यांचे जाळे पसरलेले आहे. तरी या निवेदनाद्वारे वरील परिसरातील नागरिकांना सुरक्षिततेच्या दृष्टीने महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित, कळवा खालीलप्रमाणे आवाहन करीत आहे व इशारा देत आहे

१) अति उच्च दाब विजेच्या पारेषण वाहिन्याजवळ पतंग उडविणे हे जीवितास त्याचप्रमाणे मालमत्तेस हानिकारक ठरू शकत असल्याने अश्या वाहिन्याजवळ पतंग उडविणे टाळावे. पतंग उडविण्यायसाठी जो मांजा वापरण्यात येतो त्यामध्ये बऱ्याचदा धातुशी (जरी) संलग्न केलेला असतो पारेषण वाहिन्यांजवळ पतंग उडविताना, तो मांजा वाहिन्यांना लागल्यास अथवा वाहिन्याच्या इंडक्शन झोनच्या संपर्कात आल्यास मोठया प्रमाणात जीवित व वित्त हानी होऊ शकतो. त्यामुळे ज्या परिसरात अ.उ.दा. वीज वाहिन्या आहेत अशा ठिकाणी पतंग उडवू नये.

२) अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या मनोऱ्यावर जाहिरातीचे फलक लावणे तसेच केबल, टी.व्ही. इंटरनेट, डिस्कॉमच्या सर्व्हिस वायर इत्यादी सुद्धा अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या सानिध्यात असणे फार धोकादायक असते जर वरील वायर/केबल अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या संपर्कात आल्या तर त्या परिसरातील सर्व टी. व्ही. व इलेक्ट्रीकल उपकरणांचे प्रचंड नुकसान होतेच. पण प्राणहानीचा धोकाही संभवतो.

३) अति उच्च दाब वाहिनीखाली/मनोऱ्याजवळ दगड व मातीचे खोदकाम बांधकाम करणे व भराव टाकल्यामुळे मनोन्यास धोका निर्माण होतो व वाहिनीचे जमिनीपासुन अंतर कमी होते त्यामुळे विद्युत अपघात होण्याची शक्यता असल्याने सदर गोष्टी टाळाव्यात आल्यास मोठया प्रमाणात जीवित व वित हानी होऊ शकतो. त्यामुळे ज्या परिसरात अ.उ.दा. वीज वाहिन्या आहेत अषा ठिकाणी पतंग उडवू नये

४) वाहिनीखाली लोकांनी वावरू नये तसेच उंच वाहनांची वाहतुक व पार्किंग, जेसी. बी. वापर तसेच लोखंडी सळ्या, पाईप, बांबू इत्यादींनी ने–आण व पावसाळ्यात छत्रीचा वापर इत्यादींचा वाहिनींच्या इंडक्शन झोनशी संपर्क येऊ देऊ नये

५) अति उच्च दाब वाहिन्यांखाली कुठल्याही प्रकारची उंच वाढणारी झाडे लावू नयेत. झाडे किंवा झाडांच्या फांदया वाहिनीच्या इंडक्शन झोनमध्ये येऊन अपघात होऊन विद्युत पुरवठा खंडीत होऊ शकते.

अखंडीत विज पुरवठयासाठी आपल्या सहकार्याची आम्हाला अत्यंत आवश्यकता आहे वरील आवाहनातील बाबींचे मुंबई व नवी मुंबई उपनगरात तसेच ठाणे व रायगड जिल्हयातील सर्व संबंधित शासकीय व निमशासकीय कार्यालयानी नोंद घ्यावी व त्यांच्या परिसरातील नागरिकांना सतर्क करावे जेणेकरून वरील संभावित धोके टाळता येतील.

सही/–
कार्यकारी अभियंता, अ.उ.दा. (सं व सु) विभाग, कळवा.
ऐरोली, नवी मुंबई – ४०० ७०८



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. : एसआरसी–सी–आईएनटीवीबीई, दिनांक 10.01.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, क्षेत्रीय प्रबंधक, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ऑनलाइन के माध्यम से इसके लिए आवेदन करें। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष की अवधि हेतु "हावड़ा–पुरी और हावड़ा–राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए राउंड ट्रिप यात्रा और यंत्रचालित कोच सफाई के लिए एकीकृत ओबीएचएस"। **निविदा मूल्य:** रु. 3,55,47,380.68 (जीएसटी सहित), **बयाना राशि:** रु.3,27,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि:** 03.02.2025 को 12.00 बजे। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.10,000/–(अप्रतिदेय)। **(PR-1009)**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई- टेंडर नोटिस नं.: TRS-BIA-24-25- U-D-22. दिनांक : 09/01/2025**

**कार्य का नाम** : इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में 3- फेज और कन्वेंशनल लोकोमोटिव्स के ट्रैक्शन मोटर और विभिन्न घटकों को 2 वर्षों के लिए खोलना/विसंयोजन/ उतारना, सफाई और पेंटिंग हेतु । **काम की लागत** : रुपये- 73,81,060.15 (रुपये: तिहत्तर लाख इक्यासी हजार साठ और पन्द्रह पैसे मात्र)। **बोली सुरक्षा / बयाना राशि जमा** : रुपये-1,47,700/- (रुपये: एक लाख सैंतालीस हजार सात सौ मात्र) **कार्य की पूर्णता अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 माह.**निविदा समाप्ति की तिथि और समय** :03.02.2025 को 11.30 बजे वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहा देखे जा सकते हैं: **http://www.ireps.gov.in**

सहा. मण्डल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.)
PR/R/TRS/AAA/210 द.पू.म.रेलवे, भिलाई
South East Central Railway @secrail


# बगवाड़ा-वापी स्टेशन के बीच ब्लॉक

**मुंबई।** बगवाड़ा और वापी स्टेशनों के बीच एनएच के पास वापी में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण के लिए रिलीविंग गर्डर लॉन्च करने हेतु 14 जनवरी, को 13.00 बजे से 17.00 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा । यह ब्लॉक अप और डाउन मेन लाइनों पर लिया जाएगा, इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

**शॉर्ट टर्मिनेटेड / निरस्त की जाने वाली ट्रेनें**

- 1. 14 जनवरी की ट्रेन संख्या 59045 मुंबई सेंट्रल- वापी पैसेंजर, भिलाड में समाप्त होगी और भिलाड तथा वापी के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 2. 14 जनवरी की ट्रेन संख्या 59040 वापी –मुंबई सेंट्रल पैसेंजर भिलाड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा वापी और भिलाड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 3. 14 जनवरी की ट्रेन संख्या 59046 वलसाड–विरार पैसेंजर वापी से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा वलसाड और वापी के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी ।
- 1.14 जनवरी को ट्रेन संख्या 20968 पोरबंदर – सिकंदराबाद एक्सप्रेस दो घंटे 10 मिनट की देरी से रवाना होगी।

दिव्यांग जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025

# आठ प्रतियोगिताएं आयोजित

## खिलाड़ियों में दिखा जबर्दस्त उत्साह

**वसई-विरार।** वसई-विरार शहर महानगरपालिका के आयोजन और पॅरालंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन, पालघर के सहयोग से दिव्यांग जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 10 से 11 जनवरी तक विरार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह इस प्रतियोगिता का दूसरा वर्ष था। 10 जनवरी को सुबह हुई दिव्यांग खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन के समय खेल विभाग के उपआयुक्त सदानंद पुरव, सहायक आयुक्त खेल विभाग ग्लिसन घोंसाल्वीस, अधीक्षक खेल विभाग गणेश पाटील, पॅरा बैडमिंटन खिलाड़ी और ध्यानचंद पदक विजेता सत्यप्रकाश तिवारी, शिवछत्रपति पुरस्कार विजेता मनोज खैरे और प्राचार्य दिशा चंद्रगिरी-डीसी स्पेशल चाइल्ड स्कूल, विरार आदि उपस्थित थे। जिलास्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिताएं दो प्रकारों में आयोजित की गईं, जिनमें "स्पेशल चाइल्ड" और "दिव्यांग खिलाड़ी" दो गुट बनाए गए थे। दोनों गुटों में जलतरण प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता, कैरम, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक और थाली फेंक सहित कुल आठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जलतरण, शतरंज, कैरम





और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं अमेया क्लासिक क्लब, विरार पश्चिम में आयोजित की गईं, जबकि मैदानी प्रतियोगिताएं म्हाडा ग्राउंड, विरार अग्निशमन केंद्र (पश्चिम) के सामने के मैदान में आयोजित हुईं। इस वर्ष पहली बार दिव्यांग महिलाओं के लिए लेदर बॉल क्रिकेट मैच और पुरुष गुट के लिए अंध क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। साथ ही दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। इनडोर और मैदानी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 400 से अधिक प्रतिभागियों ने इस खेल महोत्सव में हिस्सा लिया। 11 जनवरी की शाम को हुई खेल प्रतियोगिताओं के पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व महापौर उमेश नाईक, शिवछत्रपति पुरस्कार विजेता रुही शिंगार्डे, खेल विभाग के उपआयुक्त सदानंद पुरव, सहायक आयुक्त ग्लिसन घोंसाल्वीस, अधीक्षक गणेश पाटील और पॅरालंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव कैलास घाणेकर उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में उत्कर्ष विद्यालय की प्राध्यापिका मुग्धा लेले, जिला खेल प्रमुख योगेश चौधरी, खेल शिक्षक लॉसन कोरिया, जयेश वैती, जितेंद्र पाटील, सुनील म्हापुणकर, संदेश नामदे, सचिन वैती और स्पेशल चाइल्ड प्रतियोगिताओं के लिए धर्मेश सावंत तथा प्रतीक गुप्ता का विशेष तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ।

जागरूक टाइम्स
मुंबई शहर
www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv



# अकेले बीएमसी चुनाव लड़ेगा अजित गुट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी एनसीपी (एपी) बृहन्मुंबई नगरपालिका (बीएमसी) चुनावों में अकेले उतरेगी। सूत्रों ने यह दावा किया है, जबकि महायुति सरकार में शामिल भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सूत्रों के मुताबिक, इस फैसले के पीछे महायुति गठबंधन में टूट नहीं बल्कि सीट बंटवारे पर घालमेल और ठोस रणनीति नहीं बन पाना मुख्य वजह है। अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के एकला चलो के पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पहली वजह तो यह है कि बीएमसी में सिर्फ 227 सीटें हैं। कम सीटों के कारण भाजपा और शिवसेना को अजित दादा की पार्टी को शामिल करना नहीं चाह रही है और दूसरी वजह यह है कि मुंबई के शहरी इलाकों में अजित पवार की एनसीपी का जनाधार कम है, इसलिए अगर वो गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे तो स्वभाविक तौर पर भाजपा और शिंदे सेना उन्हें कम सीटें देगी, जो उन्हें मंजूर नहीं होगा।



लिहाजा, अजित पवार ने बीएमसी चुनावों में एकला चलने और मुंबई में अपनी पार्टी का जनाधार बढ़ाने का फैसला किया है।

# सोयाबीन खरीद को स्थायी तंत्र स्थापित हो

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** विपणन विभाग द्वारा हर वर्ष सोयाबीन की खरीद की जाती है। इस खरीद को बिना किसी बाधा के सुनिश्चित करने के लिए विभाग को स्थायी तंत्र स्थापित करना चाहिए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में पणन विभाग के 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस बोल रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि समृद्धि महामार्ग के किनारे स्थापित किए जाने वाले एग्रो हब, मैग्नेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत विकसित किए जाएं। इन स्थानों पर सभी सुविधाएं स्थापित की जाएं। उन्होंने इन एग्रो हब का खाका तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। अगले वर्ष से राज्य में नवंबर में शुरू होने वाली सोयाबीन खरीद की तैयारी अक्टूबर में पूरी करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि किसानों का पंजीकरण भी अक्टूबर में पूरा किया जाए।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपणन विभाग के 100 दिनों के कार्य-योजना की समीक्षा

### कई उपवर्गों में बंटेंगी बाजार समितियां

राज्य की एक करोड़ से अधिक आय वाली बाजार समितियों का एक से ढाई करोड़, ढाई करोड़ से पांच करोड़, पांच से दस करोड़, दस से पच्चीस करोड़ ऐसा उप-वर्गीकरण किया जाएगा। छत्रपति संभाजी नगर जिले के जाभूरगांव में एग्रो हब का निर्माण पूरा हो गया है और आगामी 45 दिनों में इसका लोकार्पण किया जाएगा, यह भी श्री देवरा ने इस अवसर पर बताया। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले, राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक, मेघना साकोरे-बोर्डीकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, पणन विभाग के अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा के साथ विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, अपर मुख्य सचिव, सचिव उपस्थित थे।

### व्यवस्था के मानदंड तय किए जाएं

सोयाबीन खरीद के लिए स्थायी रूप से स्थापित की जाने वाली व्यवस्था के मानदंड तय किए जाएं। इसमें सभी सुविधाओं का समावेश हो। बिना किसी बाधा के सोयाबीन खरीद जारी रहे ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाए। राज्य के चारों विभागों में स्थापित किए जाने वाले एग्रो लॉजिस्टिक हब का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। प्याज भंडारण के लिए प्याज शेड एक उत्तम विकल्प है और इसकी मांग भी अधिक है। इसलिए प्याज शेड की संख्या बढ़ाई जाए, ऐसे निर्देश भी मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने इस अवसर पर दिए।

### स्थापित की जाएगी बाजार समिति

कोंकण क्षेत्र में मछली के लिए और आदिवासी क्षेत्र में वहां के स्थानीय उत्पादन के लिए बाजार समिति स्थापित की जाएगी, यह जानकारी पणन मंत्री जयकुमार रावल ने दी। पणन विभाग का प्रस्तुतिकरण करते हुए विभाग के अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा ने नवी मुंबई में महाबाजार स्थापित करने की योजना की जानकारी दी। यह बाजार अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा और कम से कम दो सौ से ढाई सौ एकड़ जमीन में यह प्रोजेक्ट विकसित किया जाएगा। साथ ही राज्य के प्रत्येक तालुका में एक बाजार समिति स्थापित की जाएगी।

# मुंबई में बढ़ेगा ऑटो रिक्शा-बस किराया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबईकरों और पर्यटकों के लिए जल्द ही टैक्सियों, ऑटोरिक्शा और सिटी बसों के किराए में काफी बढ़ोतरी की जाएगी।ऐसी भी खबरें हैं कि राज्य सरकार ने किराए में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। हालाँकि, यह मुद्दा लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले भी उठाया गया था लेकिन चुनावों के कारण इसके फैसले में देरी हुई। अक्टूबर 2022 में टैक्सियों और ऑटो के लिए संशोधन के साथ, पिछले तीन वर्षों से किराए में वृद्धि का दबाव रहा है।टैक्सियों और ऑटोरिक्शा के किराए में 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी, जबकि सिटी बस के किराए में 12-22 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है।लेकिन ध्यान रहे कि बेस्ट बसों के किराये में कोई बदलाव नहीं होगा।ऑटोरिक्शा का बेस किराया मौजूदा किराए से 23 से 3 रुपए तक बढ़ सकता है, जबकि टैक्सी का किराया चार रुपए तक बढ़ सकता है, जिससे न्यूनतम किराया 28 से 32 हो जाएगा। ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भिंडर और पुणे जैसे क्षेत्रों में सिटी बस ऑपरेटरों ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के साथ किराया समायोजन के लिए विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं।



# घर की रसोई में लगी आग

### ठाणे के साकेत कॉम्प्लेक्स की घटना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के राबोडी इलाके में साकेत कॉम्प्लेक्स में 7 मंजिला इमारत की छठी मंजिल पर सुनील कुमार के घर की रसोई में रविवार शाम करीब 6 बजे आग लग गई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। सुरक्षा कारणों से 15 से 20 नागरिकों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाला गया। आपदा प्रबंधन विभाग ने आग में वित्तीय नुकसान की सूचना दी है। कमरा नं.601, 6 वीं मंजिल, बिल्डिंग नं. सी-2, साकेत कॉम्प्लेक्स, साकेत रोड, राबोडी, ठाणे (पश्चिम)। 601 में रसोईघर में आग लग गई थी। घटनास्थल पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी, साथ ही आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी, महावितरण के कर्मचारी और महानगर गैस के कर्मचारी मौजूद थे। अग्निशमन विभाग ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में फ्रिज, वॉशिंग मशीन, सीलिंग फैन, बिजली की वायरिंग, रसोई में लकड़ी व प्लास्टिक का सामान तथा घर में रखा फर्नीचर आग से बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हो गया।



## माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड

# प्रशिक्षण जहाज का कील लेईंग समारोह



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), नवरत्न डीपीएसयू, ने 26 अप्रैल 2024 को भारतीय तटरक्षक बल के लिए 01 प्रशिक्षण जहाज हेतु उत्पादन कार्य प्रारंभ किया। इसी प्रशिक्षण जहाज का कील लेईंग समारोह आज 13 जनवरी को आयोजित किया गया, जो कि एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईजी एच के शर्मा, टीएम, डीडीजी (एमएंडएम) ने बीजू जॉर्ज, निदेशक (जहाज निर्माण- एमडीएल), आईसीजी, क्लासीफिकेशन सोसायटी (एबीएस और आईआरएस) और एमडीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमडीएल के न्हावा यार्ड में आयोजित कील लेईंग समारोह की अध्यक्षता की। एमडीएल ने एक प्रशिक्षण जहाज को डिजाइन, निर्माण और सुपुर्द करने के लिए आईसीजी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना 310 करोड़ रुपए की है। पोत में दो डीजल इंजन होंगे और इसे 20 नॉट से अधिक की गति प्राप्त करने के लिए बनाया गया है। पोत में कुल 223 लोग नियुक्त किए जा सकते हैं जिनमें 70 प्रशिक्षु अधिकारी और 46 प्रशिक्षण कर्मचारी शामिल हैं। पोत को दोहरी श्रेणी (एबीएस और आईआरएस) के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा। प्रशिक्षण जहाज समुद्री वातावरण में संचालन और आईसीजी के सभी कार्यों के निष्पादन में सक्षम एकीकृत हेलीकॉप्टर के साथ एक प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। पोत की प्राथमिक भूमिका में तटरक्षक बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को बुनियादी समुद्री प्रशिक्षण देना और प्रशिक्षुओं को समुद्र में तटरक्षक जीवन के सभी पहलुओं में पर्याप्त अनुभव प्रदान करना शामिल है। पोत की सुपुर्दगी दिसंबर 2026 में निर्धारित है। सोमवार को कील लेईंग समारोह एमडीएल द्वारा पोत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**पोत में कुल 223 लोग नियुक्त किए जा सकते**

### भिवंडी में 'एक शाम गौमाता के नाम' आज

**भिवंडी।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में श्रीरामकृष्ण गौशाला, गायत्री परिवार भिवंडी में जय जय राजस्थान ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'एक शाम गौमाता के नाम' भजन संध्या का आयोजन आज (मंगलवार, 14 जनवरी) भिवंडी के सच्चाई माता मंदिर,चरणीपाडा, अंजुरफाटा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक राकेश प्रजापति और गायिका नीता नायक अपने भजनों की शानदार प्रस्तुति पेश करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान मंछाराम कुमावत, मीमाराम कुमावत, धनाराम कुमावत, किसन माली (वरणी ग्रुप), भरत चौधरी (संगीता टेक्सटाइल) और लाल सिंह राजपूत तुरा (श्री महावीर मोबाइल ग्रुप) एवं अन्य सम्मानित सदस्यगण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।





■ **मुंबई।** कौशल रोजगार उद्यमिता नवप्रवर्तन विभाग महाराष्ट्र राज्य व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय मुंबई द्वारा 12 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोवंडी में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# ठाणे में चीनी मांझा से बाज घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के चंदनवाड़ी में शनिवार को एक पतंग के मांझे से एक उड़ता हुआ बाज गंभीर रूप से घायल होने की घटना सामने आई। पक्षी का बायां पंख बुरी तरह से घायल हो गया और वन्य कल्याण संघ के बचाव प्रमुख अभिजीत मोरे ने उसे उपचार के लिए पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया है। शनिवार को ठाणे के पश्चिम में चंदनवाड़ी के चांदीवाला कॉम्प्लेक्स में एक शाहीन गरुड़ (बाज़) पतंग के मांझे में फंसा हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर वाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के बचाव प्रमुख अभिजीत मोरे पक्षी को बचाने के लिए दौड़े। पक्षी के बाएं पंख पर गहरा घाव है, जो संभवतः बहुत तेज धार दार मांझे के कारण हुआ होगा। यद्यपि घाव के उपचार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, फिर भी चोट की गंभीरता का अभी तक पता नहीं चल पाया है। नागिरकों से अपील की गई है कि स्थानीय वन विभाग या वन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1926 पर दें।



# पूर्णिमा को लेकर खेतेश्वर मंदिर में भक्तों का तांता

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के ग़ुलालवाड़ी मे श्रीं राघवानंदजी आश्रम मे श्रीं खेतेश्वर मंदिर मे सोमवती पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजपुरोहित समाज के बन्धुओ ने श्रीं खेतेश्वर भगवान की तस्वीर को माल्यार्पण कर हवन कुंड मे आहुति देकर बड़ी धूमधाम से पूर्णिमा मनायीं। समाजसेवी मांगीलाल साकरना ने बताया की हमारे राजपुरोहित के लिए बड़ी ख़ुशी की बात है की दक्षिण मुंबई मे श्रीं खेतेश्वर दाता का मंदिर है जिससे दक्षिण मुंबई के राजपुरोहित समाज के दर्शनार्थ हेतु भक्तो को लाभ मिलेगा पहले मुंबई वालों को पूर्णिमा के दिन हमेशा घंसोली, काशीमीरा आश्रम मे जाना पड़ता था जो अब भक्तो को मुंबई मे ही दर्शन करने की सुविधा उपलब्ध होंगी। मासमा उपाध्यक्ष गणपत डी. पुरोहित ने बताया की हमें जीस पल का था इंतजार वह पल आ चूका है क्योंकि गुलालवाडी मे शिव मंदिर मे श्रीं खेतेश्वर दाता की तस्वीर स्थापित कर दर्शन लाभ मिलेगा।पूर्णिमा मेले मे भक्तो ने नारियल की ज्योत करके पूजा अर्चना कर प्रसादी का लाभ लिया. इस अवसर पर दिनेश सांथू,मांगीलाल साकरणा,गणपत डी. खिरोड़ी,जसराज पुराडा, मुकेश पराखिया,रूपराज बीरबलसर,पंकज दाता, नरेश बगड़ी,तेजाराम भाटीप,जेठालाल डिसा, महावीर तातडा, मोहनसिंह कुआरडा,दिनेश बालेरा, अनराजसिंह नोरवा,रमेश जेतपुरा,संदीप खिरोड़ी, जसराज खिरोडी, जोगसिंह मडगाव,सुभाष दवे समेत दर्जनों समाज बंधु मौजूद थे।



### ठाणे शहर में फर्जी डाक्टरों का बोलबाला

# लोगों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

### कुछ डाक्टरों के पास कोई डिग्री नहीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे शहर के इंद्रानगर, वागले, कलवा, मुंब्रा, दिवा और घोड़बंदर इलाकों में फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला है। कुछ डॉक्टरों के पास कोई डिग्री नहीं है। अगर नहीं है तो कुछ डॉक्टर प्रतिबंधित हैं और बिना किसी प्रैक्टिस ओर बिना किसी डिग्री के मरीजों के साथ अपनी दुकानों में बैठे हैं। ओर लोगो की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सूत्रों से पता चला है कि उन्हें स्थानीय राजनीतिक व प्रभाव साली व्यक्तियों का समर्थन मिल रहा है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड दिल्ली एक केंद्र सरकार की एजेंसी है और एक संयुक्त कार्रवाई है। स्वास्थ्य विभाग के ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे और ठाणे शहर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के साथ मिलकर यह काम करेंगे। ठाणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और ठाणे जिला कलेक्टर की विशेष टास्क फोर्स ने इन फर्जी डाक्टरों के खिलाफ तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और जल्द ही लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस मामले को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि आप ठाणे जिले के पालकमंत्री भी हैं।



# छात्रों की नृत्य प्रस्तुतियों में झलकी महाराष्ट्र की गौरवशाली संस्कृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** आमतौर पर हर स्कूल का अलग-अलग वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार मीरा- भाईंदर मनपा ने सभी मनपा स्कूलों का संयुक्त महा-स्नेह सम्मेलन आयोजित किया। 11 जनवरी को भारतरत्न गानसम्राज्ञी लता मंगेशकर नाट्यगृह में मीरा- भाईंदर मनपा की स्कूलों का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'सांस्कृतिक कार्यक्रम 2025' भव्य उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सभी स्कूलों का एक साथ संयुक्त सम्मेलन आयोजित करने का यह पहला प्रयास था। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र की संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर किया गया। इस अवसर पर, स्कूली छात्रों की प्रतिभा को मनोरंजन क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उनकी ऑडिशन ली जाएगी और कला क्षेत्र में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए संगीत-नृत्य सिखाने हेतु कला शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। यह घोषणा मनपा आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से) ने की। मीरा- भाईंदर मनपा के अंतर्गत 36 स्कूलें हैं, जहां लगभग साढ़े नौ हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन छात्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनकी कलाओं को प्रदर्शित करने के लिए यह महा-स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। 'सांस्कृतिक कार्यक्रम 2025' नाम से यह वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों ने गणेश वंदना से किया। महाराष्ट्र की लोकधारा के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की परंपराओं और लोककलाओं को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही आदिवासी नृत्य, किसान नृत्य, कोली नृत्य, त्योहारों के दृश्य, देशभक्ति पर आधारित नृत्य जैसे विविध नृत्य प्रदर्शन किए गए।

**मीरा-भायंदर मनपा की सभी स्कूलों का संयुक्त महा-स्नेह सम्मेलन**



### कला शिक्षकों की होगी नियुक्ति

छात्रों की प्रतिभा देखकर आयुक्त भी अभिभूत हो गए। उन्होंने घोषणा की कि मनपा स्कूली छात्रों की प्रतिभाओं को मनोरंजन क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे और कला क्षेत्र में उनका ज्ञान बढ़ाने के लिए संगीत और नृत्य सिखाने हेतु कला शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस कार्यक्रम में, अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, कार्यकारी अभियंता नितिन मुकणे, कार्यकारी अभियंता शरद नाणेगावकर, सभी मनपा स्कूलों के मुख्याध्यापक, शिक्षक, छात्र और मीरा-भाईंदर क्षेत्र में टीवी धारावाहिकों के फिक्शन और नॉन-फिक्शन की शूटिंग करने वाले स्टूडियो के प्रमुख व मालिक उपस्थित रहे।

### छात्रों ने जताया मनपा का आभार

मीरा- भाईंदर मनपा ने स्कूलों में शिक्षकों और खेल शिक्षकों की नियुक्ति की। छात्रों को समय पर गणवेश, अध्ययन सामग्री, कंप्यूटर लैब और विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। स्कूल भवनों की मरम्मत और रखरखाव किया गया। पिछले एक वर्ष में मनपा स्कूलों के स्तर में सुधार हुआ है। इस कार्यक्रम में मीरा- भाईंदर मनपा की सभी 36 स्कूलों के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से) का आभार व्यक्त किया।

# सोनुभाऊ बसंत महाविद्यालय में वाक् स्पर्धा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** सोनुभाऊ बसंत महाविद्यालय शहापुर, जिला ठाणे का एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय है। 10 जनवरी को महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वस्त मंडल के सचिव रामेश वानरसे ने किया। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने हिंदी भाषा की सहजता और सरलता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्र.प्राचार्य और मानव विज्ञान विद्या शाखा, मुंबई विश्वविद्यालय के प्रभारी डीन, प्रोफेसर (डा.) अनिल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हिंदी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा सभी को एक सूत्र में बांधने में बेजोड़ है। हमें हिंदी भाषा पर गर्व होना चाहिए। हिंदी को वैश्विक स्तर पर सशक्त करने के लिए हमें और अधिक प्रचारित व प्रसारित करने की आवश्यकता है। उप्राचार्य संतोष गायकवाड ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बतलाया। हिंदुस्तानी प्रचार सभा,मुंबई के कार्यक्रम संयोजक राकेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को वाक् स्पर्धा संबंधी नियमों की जानकारी दी। हिंदुस्तानी प्रचार सभा, मुंबई और सोनुभाऊ बसंत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हिंदी वाक् स्पर्धा में 55 विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रस्तुत की।



### सायली विसपुते को 1000 रुपए और प्रमाण-पत्र

सायली विसपुते को रुपए 1000/- और प्रमाण-पत्र। साथ ही साथ इस वाक् स्पर्धा में सहभागी होने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में परीक्षक के रूप में डा.रीना सिंह और डा.अमिता द्विवेदी उपस्थित थी। इन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अश्वनी ओव्हाल और प्रा.प्रदीप पाटिल ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.सीमा परटोल ने उपस्थित मैनेजमेंट के सचिव व सभी प्राध्यापकों, प्रशासनिक कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार प्रदर्शन किया।

### विजेताओं के नाम और पुरस्कार राशि

■ विजेताओं में प्रथम पुरस्कार आनंद ठाकरे को रुपये 3000/- और प्रमाण-पत्र। द्वितीय पुरस्कार लक्ष्मी देशमुख को रुपये 2000/- और प्रमाण-पत्र। तृतीय पुरस्कार पारस वाघ को रुपये 1500/- और प्रमाण-पत्र।

# ठाणे के बॉम्बे डक होटल में आग

**ठाणे।** ठाणे के उपवन इलाके में सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे बॉम्बे डक होटल में अचानक आग लग गई। धुएं में एक बिल्ली मृत पाई गई। बताया जा रहा कि बिल्ली की मौत धुएं के कारण हुई होगी। आग से होटल को भी भारी नुकसान हुआ है। आपदा प्रबंधन विभाग को जैसे ही होटल में आग लगने की सूचना मिली, उसने तुरंत मौके पर पहुंचकर डेढ़ घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस घटना में डक होटल में दो एसी यूनिट, एक टीवी, एक कंप्यूटर, पूरा बार काउंटर, फ्रिज और बिजली की वायरिंग पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# बाड़मेर में 100 कलाकारों ने सात घंटे पेश की लोक-संस्कृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**बाड़मेर।** बाड़मेर के शिव में रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल में रविवार रात 100 कलाकारों ने सात घंटे तक राजस्थान की लोक संस्कृति के रंग पेश किए। इस दौरान शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- राजस्थान की यह कला अगर सात समंदर पार जाए तो यहां टूरिज्म बढ़ेगा। युवा दिवस के उपलक्ष में हुए प्रोग्राम में रविवार रात 10 बजे तक पद्मश्री अनवर खान, मोती खान, खेता खान, छोटू खान जैसे दिग्गज कलाकारों समेत से 100 से अधिक कलाकारों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियां दी।

इन्हें सुन और देखकर श्रोताओं मंत्रमुग्ध दिखे। कार्यक्रम में गोरखनाथ महाराज, गणेश नाथ महाराज, दौलत नाथ, आनंद पूरी महाराज सहित कई संत पहुंचे। विवेकानंद जयंती के अवसर पर रविवार को शिव के विधायक रविंद्र सिंह भाटी की ओर रोहिड़ी म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने इस अवसर पर कहा- प्रोग्राम का उद्देश्य यहां के कलाकारों को प्रमोट करना है। कलाकारों और कला को सात समंदर पार ले जाने और पर्यटन को बढ़ावा देने का यह छोटा प्रयास है। कार्यक्रम में कलाकारों और लोगों ने खूब हिस्सा लिया।

रोहिड़ी गांव में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य रेतीले धोरों को विश्व पटल पर लाना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह देश का आखिरी नहीं पहला गांव है।

उस गांव को पहला गांव बताने के लिए और शांत बॉर्डर को एक्सप्लोर करने की हमने कोशिश की। भाटी ने कहा- यह कार्यक्रम हमारी कला और संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि परंपरा, विरासत और पर्यटन को नई ऊंचाई देने का जरिया है। फेस्टिवल ने यह साबित कर दिया कि पश्चिमी राजस्थान के पास न केवल समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि उसे पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की अपार संभावनाएं भी हैं।

### रोहिड़ी में होना था, अनुमति नहीं मिली तो शिव में हुआ

महोत्सव का आयोजन रोहिड़ी में होना था लेकिन प्रशासन ने अनुमति रद्द कर दी। इसके बावजूद दो दिनों के भीतर रविंद्र सिंह भाटी और उनकी टीम ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम (शिव) में आयोजन की। अनुमति लेकर पूरे कार्यक्रम की तैयारियां पूरी की। कार्यक्रम के दौरान 36 फीट लंबी मूंछों के लिए प्रसिद्ध जगमाल सिंह ने विधायक रविंद्र सिंह भाटी का अनोखे अंदाज में अपनी मूंछों से स्वागत किया। यह क्षण दर्शकों के लिए बेहद खास और यादगार बन गया।

## जोधपुर में घर से गायब हो रहीं बेटियां

एक दिन में 3 मामले



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण में नाबालिग के घर से गायब होने के मामले बढ़ रहे हैं। शहर में सोमवार को भी इसको लेकर दो मामले सामने आए हैं जबकि जोधपुर ग्रामीण में एक मामला सामने आया। ये बेटियां मर्जी से कहीं गई या किसी गैंग का शिकार बनी है, इसका पता नहीं चल सका है। बेटियों के गायब होने की वजह से परिजनों का बुरा हाल है। पहला मामला बनाड़ थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि धापी मार्बल के पास उनका मकान है। जहां से 11 नवंबर की रात को सभी घर वाले सोए हुए थे। अगले दिन सुबह उठे तो उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं मिली। दूसरा मामला वेस्ट जिले के बोरानाडा थाने में दर्ज हुआ। 42 वर्ष के व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई आसपास की जगह पड़ोसियों, रिश्तेदारों से जानकारी लेने पर भी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। तीसरा मामला बिलाड़ा थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी घर से बाजार जाने का बोलकर निकली लेकिन अभी तक वापस नहीं मिली। बेटी कहां गई इसका पता नहीं चल सका है।

# जोधपुर के व्यापारी से क्रिप्टो के बहाने फ्रॉड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर शहर के एक हार्डवेयर कारोबारी को क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग से बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा दे शातिर साइबर ठगों ने पांच लाख रुपए की ठगी कर डाली। इसका एहसास होने के बाद कारोबारी ने ऑनलाइन साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत की।

- झांसा देकर पांच लाख रुपए ठगे
- साइबर पोर्टल पर शिकायत दी



### अमेरिका में क्रिप्टो एक्सपर्ट बताया रिश्तेदार

कमला नेहरू नगर के सेक्टर डी में रहने वाले राजेश धूत पुत्र फूलचंद ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनका हार्डवेयर का कारोबार है। जुलाई 2024 को उनके पास फेसबुक से स्वाति स्नेहा के नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसे एक्सेप्ट करने के बाद कुछ दिनों की बातचीत में स्वाति स्नेहा ने वॉट्सऐप नंबर से धूत के मोबाइल नंबर पर मैसेज किया। इसमें उसने बताया कि उसके अंकल, जो अमेरिका में रहते हैं, उनको क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग में 20 साल का अनुभव है। वो स्वाति स्नेहा को टिप भेजते हैं, जिसमें फायदा होता ही है। स्वाति स्नेहा नामक लड़की ने धूत को भी क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग में रुपए लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया और विश्वास में लेने के लिए धूत को वेबबूल कस्टमर सर्विस में रजिस्ट्रेशन करवाकर लिंक भेजा। इसके बाद स्वाति स्नेहा ने धूत के वॉट्सऐप पर फैडरल बैंक का एक खाता नंबर भेजकर 50 हजार रुपए जमा कराने को कहा।

### अलग-अलग खातों में जमा करवाए रुपए

उसकी बातों पर विश्वास कर धूत ने अपने आईसीआईसीआई बैंक के खोते से सात सितंबर 2024 को 50 हजार रुपए भेज दिए। इसी तरह, 10 सितंबर 2024 को भी स्वाति स्नेहा के बताए बंधन बैंक के एक खाता नंबर में साढ़े चार लाख रुपए भेजे। इसके कई दिनों बाद भी जब धूत को न तो मूल रकम ही वापस मिली और न ही कोई मुनाफा ही मिला। तब उन्हें खुद के साथ हुए फ्रॉड का एहसास हुआ, तो उन्होंने साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। अब प्रताप नगर पुलिस स्वाति स्नेहा नामक लड़की की सोशल मीडिया आईडी, बंधन बैंक और फैडरल बैंक के अकाउंट नंबर्स से शातिरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस मामले की जांच एएसआई श्रीराम को सौंपी गई है।

## उदयपुर : चलती स्कूल वैन से गिरे तीन बच्चे, घायल

▶▶ शराब के नशे में था ड्राइवर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर ।** उदयपुर के सेक्टर-5 स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल की चलती वैन में से सोमवार को तीन बच्चे गिर गए। आस-पास के लोग तुरंत बच्चों को उठाकर अस्पताल लेकर गए। बच्चों की हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि वैन का ड्राइवर शराब के नशे में था और तेज स्पीड से वेन चला रहा था। तभी एक बेरियर पर वैन जंप करते हुए उछली और डिक्की खुलने से बच्चे गिर गए। हादसे का पता लगने पर पेरेंट्स स्कूल पहुंचे और आक्रोश जताया। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होती है। उन्हें स्कूल वैन के ड्राइवर की नियुक्ति से पहले अनुभव और बाकी चीजों की जांच करनी चाहिए।



## जैसलमेर के रासला में छह महीने से पेयजल संकट

- टंकी से नहीं मिल रही सप्लाई
- महंगे टैंकर मंगवा रहे ग्रामीण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के देवीकोट इलाके के रासला क्षेत्र में पानी का संकट बना हुआ है। रासला क्षेत्र में बनी के पानी की टंकी में पिछले छह महीने से पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। जिसके कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के अभाव में ग्रामीणों व मवेशी का हाल बेहाल हो रहा है। टंकी से घरों में पानी की सप्लाई नहीं होने से लोग परेशान है। लोग महंगे दामों में पानी के टैंकर मंगाने को मजबूर हो रहे हैं।

### जलदाय अधिकारी पल्ला झाड़ रहे

ग्रामीण जोगराज सिंह ने बताया कि पानी की टंकी में छह महीने से जलापूर्ति व्यवस्था बिगड़ी हुई है। अनियमित व अपर्याप्त जलापूर्ति व्यवस्था के कारण यहां घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को 1500 रुपए में पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारी संतोषजनक जवाब भी नहीं दे रहे है। जलदाय विभाग के अधिकारी बिजली की समस्या बताते हुए अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं वोल्टेज की समस्या बताते हुए पानी की मोटर नहीं चलने का कारण बता रहे हैं।



### ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

रासला इलाके के ग्रामीणों ने प्रशासन व जलदाय विभाग को जल्द ही पानी की समस्या का हल निकालने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## मंदिर की दानपेटी से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की समदड़ी पुलिस ने मामाजी मंदिर में चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दानपेटी से चुराए रुपए भी बरामद किए हैं। वारदात के लिए इस्तेमाल बाइक को भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। समदड़ी थानाधिकारी देव किशन ने बताया- समदड़ी देवड़ा गांव निवासी पुजारी लालपुरी पुत्र भीख पुरी ने थाने में 11 जनवरी को रिपोर्ट दी थी। इसके मुताबिक नौ जनवरी को शाम के समय आरोपी अर्जुन नाथ पुत्र जबरनाथ निवासी रुसिया जालौर व दिनेश कुमार पुत्र आंबाराम भारती निवासी बालू ने सेवाडा नाडा मामाजी मंदिर देवड़ा मंदिर के मुख्य गेट पर ताला तोड़कर दानपेटी से रुपए चोरी कर लिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाना स्तर पर टीमें बनाई। टीमों ने अलग-अलग जगहों पर दबिशें दी गई। आरोपी अर्जुन नाथ पुत्र जबरनाथ निवासी रुसिया और दिनेश कुमार पुत्र आंबाराम निवासी बालु समदड़ी को डिटेन कर पूछताछ की गई। आरोपियों के जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार लिया। वहीं घटना में उपयोग में ली गई बाइक को भी बरामद कर लिया है।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 841 | 837 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 250 | 249 |
| जिंक स्लैब | 276 | 277 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 181 |
| टिन स्लैब | 2685 | 2665 |
| निकल | 1378 | 1345 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 798 | 795 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 789 | 788 |
| कॉपर आर्मेचर | 779 | 779 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 732 | 727 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 530 | 525 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 565 | 567 |
| एल्युमिनियम | 193 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8976 | -975 |
| टिन | 29350 | -100 |
| लीड | 1929 | -2550 |
| जिंक | 2827 | -3450 |
| एल्युमिनियम | 2562 | -2500 |
| निकल | 15616 | +0 |

## 64 साल के बुजुर्ग को ब्लैकमेल कर रही लड़की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** शहर के देवनगर थाना इलाके के नरपत नगर क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग ने मोबाइल पर आए एक कॉल पर परिचित का रेफरेंस सुनकर जरा विश्वास क्या कर लिया, वो लड़की उनके लिए बड़ा सिरदर्द बन गई। एक बार उसके जाल में फंसने के बाद लड़की ने अलग-अलग बहाने करते तीन-चार महीने में करीब 40 हजार रुपए ले लिए और अब मैसेज व एडिटेड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की डिमांड कर रही है। लड़की की धमकियों व ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बुजुर्ग ने अब देवनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। देवनगर पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार – पूर्व में आटीओ एजेंट का काम करने वाले नरपत नगर निवासी कमल गुप्ता की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें गुप्ता ने बताया कि करीब 3-4 माह पहले उनके मोबाइल पर मोनिकासिंह नामक लड़की का कॉल आया था। उसने बताया कि परवेश बावेजा से आपके नंबर मिले हैं। आपके मिलने वाले राजेश पंवार मेरा फोन नहीं उठा रहे हैं, इसलिए आप कॉन्फ्रेंस पर मेरी बात कराओ। उसके बार-बार दबाव बनाने पर गुप्ता ने राजेश पंवार को कॉन्फ्रेंस पर लेकर मोनिका की बात करवा दी। तत्पश्चात 28 नवंबर को दुबारा मोनिका का कॉल आया और उसने खुद को परेशानी में होना बताते हुए अर्जेंट में 10 हजार रुपए मांगे और अगले दिन वापस लौटाने का वादा किया। तब गुप्ता ने रातानाडा भाटिया चौराहा पर मोनिका को 10 हजार रुपए दिए। इसके बाद वो किसी न किसी बहाने से गुप्ता को ऑडियो मैसेज, वीडियो कॉल करने लगी और अलग-अलग बहाने करके रुपए लेने लग गई, जो अब तक करीब 40 हजार रुपए हो चुके हैं। रिपोर्ट में गुप्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से मोनिका उसे धमकियां दे रही है। इसी बीच उसने गुप्ता के मोबाइल पर एक लिंक भेजकर खोलने को कहा।

मैसेज-एडिटेड वीडियो वायरल करने की धमकी




### खुद गंदी बातें कर बुजुर्ग को भी उकसाती

रिपोर्ट के अनुसार मोनिका अक्सर फोन पर गंदी बातें करती थी और गुप्ता को भी उसी तरह की बातें करने के लिए उकसाती। गुप्ता ने इस पर आपत्ति जताते हुए आइंदा कॉल नहीं करने को कहा। तब मोनिका ने गुप्ता को एक वीडियो भेजा, जो स्पष्ट रूप से एडिट किया हुआ नजर आ रहा था और उसमें किसी अश्लील वीडियो में पुरुष के चेहरे के स्थान पर गुप्ता का चेहरा लगाया हुआ था।

# व्यापार जगत

## देश में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की बाढ़

**नई दिल्ली।** देश में इस समय रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर तेजी से बढ़ रही है। फिर चाहे सोलर एनर्जी हो या विंड एनर्जी या बायो एनर्जी। सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करना है। वहीं रिन्यूएबल एनर्जी की बढ़ती मांग के कारण कई कंपनियां इस सेक्टर में रुचि दिखा रहीं हैं। इसमें अडानी ग्रुप से लेकर रिलायंस ग्रुप तक शामिल है। साल 2025 में कई कंपनियां अपने एनर्जी से जुड़े नए प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं। इनमें रिलायंस, एलएंडटी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप शामिल हैं।



### ▶▶ रिन्यूएबल एनर्जी में बना रेकॉर्ड

न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2024 में लगभग 30 गीगावाट की रेकॉर्ड रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता वृद्धि दर्ज की है। यह साल 2023 में दर्ज 13.75 गीगावाट से 113 फीसदी अधिक है। अब रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक देश में 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करना है।

### अंबानी की सोलर गीगा फैक्ट्री?

मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले साल उन्होंने अपनी गीगा फैक्ट्री के बारे में बताया था। यह फैक्ट्री गुजरात के जामनगर में है। रिलायंस ग्रुप ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के 75 हजार करोड़ रुपए निवेश करने की बात कही थी। अंबानी ने अपनी 47वीं एजीएम में कहा था कि धीरूभाई अंबानी ग्रीन गीगा मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स दुनिया का सबसे बड़ा कॉम्प्लेक्स होगा। इसे 5000 एकड़ जमीन पर तैयार किया जा रहा है।

### किस कंपनी का क्या प्लान

इस सेक्टर में रिलायंस, एलएंडटी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के भविष्य में एनर्जी के नए कारोबार को विस्तार देने या शुरू करने की उम्मीद है।

**रिलायंस:** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सोलर एनर्जी प्रोडक्शन में तेजी से बढ़ रही है। यह कंपनी इस साल सोलर गीगा फैक्ट्री शुरू सकती है। अगले 12-15 महीनों में इसकी क्षमता में और वृद्धि होगी।

**एलएंडटी:** यह ग्रुप ग्रीन एनर्जी उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस ग्रुप को कांडला पोर्ट पर अपने पहले ग्रीन हाइड्रोजन डेमोंस्ट्रेशन प्लांट के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी से इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण सहित ईपीसी ऑर्डर मिला है।

**जेएसडब्ल्यू:** यह ग्रुप ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी प्रोडक्शन में कदम बढ़ा रहा है। ग्रुप ने पिछले साल कहा था कि उसका ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का निर्माण शुरू हो गया है। यह मार्च 2025 तक चालू हो सकता है। इस प्लांट से 3800 टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा होने की उम्मीद है।

## अंबानी से आगे निकले अडानी

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2024 में निवेशकों को निगेटिव रिटर्न दिया। दस साल से भी ज्यादा समय में पहली बार ऐसा हुआ। इसके साथ ही मर्जर एंड एक्विजिशन के मामले में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज पर अडानी ग्रुप भारी रहा। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक गौतम अडानी की कंपनियों ने पिछले साल 6.32 अरब डॉलर के एग्रीमेंट किए जबकि रिलायंस केवल 3.14 अरब डॉलर की मर्जर एंड एक्विजिशन डील कर पाई। अडानी की डील में 2023 के मुकाबले 265.3% की तेजी आई, वहीं रिलायंस की डील में 64.2% गिरावट रही। रिलायंस देश का दूसरा और अडानी ग्रुप तीसरा सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। टाटा ग्रुप पहले नंबर पर है। पिछले छह साल से रिलायंस और अडानी ग्रुप के बीच मर्जर एंड एक्विजिशन के जरिए अपना विस्तार करने की होड़ मची है। साल 2024 में देश में कुल 98.7 अरब डॉलर की एमएंडए डील हुईं जिनमें की टॉप 5 लिस्टेड कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 15.28% है। रेवेन्यू के हिसाब से टॉप 10 ग्रुप्स की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। पिछले पांच साल का आंकड़ा देखें तो रिलायंस ने 2020 में 26.08 अरब डॉलर की एमएंडए डील की थी। तब कंपनी ने अपने रिटेल और टेलिकॉम वेंचर्स में हिस्सेदारी बेची थी। 2022 में अडानी ग्रुप ने 16.56 अरब डॉलर की डील की थी। इसमें सीमेंट सेक्टर में ग्रुप की एंट्री शामिल थी। अडानी को मिलने वाला है 1,71,39,85,00,000 का चेक, कहां खर्च करेंगे इतना पैसा?

### छह साल का हाल

साल 2024 में जेएसडब्ल्यू ने 2.32 अरब डॉलर की डील की जबकि टाटा ग्रुप ने 1.66 अरब डॉलर, बिड़ला एवी ने 1.64 अरब डॉलर, लार्सन एंड टुब्रो ने 0.27 अरब डॉलर की एमएंडए डील की। प्राइवेट इक्विटी और सॉवरेन इनवेस्टर्स एमएंडए में अहम प्लेयर्स बनकर उभरे हैं। साल 2023 में भारतीय कंपनियों ने कुल 83.2 अरब डॉलर की डील की थी जबकि साल 2022 में यह आंकड़ा 193.2 अरब डॉलर था। साल 2021 में यह 141.6 अरब डॉलर, साल 2020 में 115.4 अरब डॉलर और साल 2019 में 116.3 अरब डॉलर रहा था।



## सोने के भाव गरम, चांदी के नरम

**मुंबई।** सोमवार 13 जनवरी को 24 कैरेट गोल्ड औसतन 332 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा होकर 78350 रुपए के रेट से खुला। वहीं, चांदी 118 रुपए प्रति किलो सस्ती होकर 90150 रुपए प्रति किलो के औसत रेट पर खुली। सोना अभी भी अपने ऑल टाइम हाई से 1331 रुपए और चांदी 8190 रुपए सस्ती है। 30 अक्टूबर 2024 को सोना 79681 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था और चांदी 98340 रुपए प्रति किलो थी। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव 330 रुपए बढ़कर 78036 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट गोल्ड में 304 रुपए की तेजी है और यह 71769 रुपए पर है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 249 रुपए चढ़कर 58763 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी हर दस ग्राम पर 194 रुपए बढ़कर 45835 रुपए पर पहुंच गई है। लाइव मिंट पर दिए गए रेट के मुताबिक दिल्ली में सोने की कीमत 79813 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि, जयपुर में सोने का भाव 79806 रुपए है। वहीं, लखनऊ में सोने का भाव 79829 रुपए प्रति 10 ग्राम है तो चंडीगढ़ में 79822 रुपए। दूसरी ओर अमृतसर में सोने का भाव 79840 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

**भारत में चांदी के रेट**

दिल्ली में चांदी का भाव 96500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है।

## 57 पर आ गया एनर्जी शेयर

**मुंबई।** शॉर्ट कवरिंग के बीच बीएसई पर सुजलॉन के शेयर 2.55% बढ़कर 57 प्रति शेयर पर पहुंच गए थे। इसी के साथ पिछले तीन दिनों की गिरावट का सिलसिला भी टूट गया। बता दें कि सुजलॉन एनर्जी प्रमुख ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स में से एक है। यह एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड विंड टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) निर्माता है। 74,896 करोड़ के मार्केट कैप के साथ सुजलॉन एनर्जी भारत में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर का प्रमुख प्लेयर है।



### दिसंबर तिमाही के नतीजे के रिव्यू

- सुजलॉन एनर्जी को वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में राजस्व में 77% की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, जो एक साल पहले की अवधि में 1,560.5 करोड़ से बढ़कर 2,762.9 करोड़ हो जाएगी। कंपनी का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 203 करोड़ से 55% बढ़कर 315.4 करोड़ होने का अनुमान है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुमान के अनुसार, परिचालन स्तर पर दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 247.6 करोड़ से 67% बढ़कर 413.1 करोड़ होने की उम्मीद है।

### सुजलॉन एनर्जी स्टॉक प्राइस

सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा है क्योंकि स्टॉक में एक सप्ताह में 7% और इस महीने अब तक 18% से अधिक की गिरावट आई है इस साल अब तक यह शेयर 14% तक टूट गया है। ग्रीन एनर्जी स्टॉक एक महीने में 17% से अधिक और तीन महीनों में लगभग 27% नीचे आ गया है। हालांकि, लंबी अवधि में, सुजलॉन के शेयरों ने शानदार रिटर्न दिया है। स्टॉक एक साल में 24% से अधिक बढ़ा है और दो सालों में 457% से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पांच साल में यह शेयर दो रुपए से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया। इस दौरान इसमें 2300% तक की तेजी देखी गई है।

### क्या है डिटेल?

- एनालिस्ट ने कहा कि कंपनी भारत के रिन्यूएबल एनर्जी पर बढ़ते फोकस का फायदा उठा रही है, खासकर विंड एनर्जी सेक्टर में। पिछले महीने, क्रिसिल रेटिंग्स ने सकारात्मक आउटलुक के साथ सुजलॉन एनर्जी पर अपनी क्रेडिट रेटिंग को 'क्रिसिल ए' में अपग्रेड किया, जो कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और बेहतर प्रॉफिटेबिलिटी को आउटलाइन करता है। क्रिसिल ने हाई एग्जिक्यूशन वॉल्यूम पर डब्ल्यूटीजी कारोबार के बेहतर प्रदर्शन की संभावना को दर्शाते हुए एक पॉजिटिव आउटलुक भी सौंपा है।

## आपका राशिफल 14 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# भारतीय समाज में परिवार एक इकाई : सारस्वत

## मेवाड़ टॉक फेस्ट का दो दिवसीय तीसरा संस्करण राजसमंद में सम्पन्न




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मेवाड़ टॉक फेस्ट का दो दिवसीय तीसरा संस्करण राजसमंद में सम्पन्न हुआ। इस फेस्ट में भारतीयता की झलक रही। फेस्ट के पहले दिन के पैनल डिस्कशन 'क्रिटिकल थिंकिंग इन डिजिटल एज' में सोशल मीडिया एक्सपर्ट योगेश ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की सोचने, समझने व्यवहार करने पर सोशल मीडिया का बहुत प्रभाव है। सोशल मीडिया समाज में डिजिटल विभाजन पैदा हो रहा है, जिसके पीछे डीप स्टेट भी कार्य कर रहा है। अन्य पैनलिस्ट सोशल वर्कर मामराज, सोशल मीडिया एक्सपर्ट योगेश, इंफ्लुएंसर परिधि व स्कॉलर प्रवीण से मॉडरेटर शीतल ने चर्चा की। चर्चा में फेक नैरेटिव, सही कंटेंट को पहचाने की बारीकियों के साथ इकोसिस्टम जैसे विषय आए। मामराज ने बताया सकारात्मक कार्यों और समाज को जोड़ने के लिए भी सोशल मीडिया का अच्छा उपयोग है। इस अवसर पर निदेशक शुभम, बाल कलाकार भूमिका भट्ट व अभिनेत्री परिधि भटनागर अपने अनुभव युवाओं के साथ साझा किए। निर्देशक ने बताया कि अपने जीवन का बलिदान देने वाली 13 वर्षीय बालिका को शिक्षा की ज्योति जलाए रखने एवं अंग्रेजों के विरोध करने का साहस के कारण स्मरण किया जाता है। परिधि ने कहा कि सोशल मीडिया पर कंटेंट समाज निर्माण के उद्देश्य से होना चाहिए।

**क्रिएटिव वर्कशॉप :** समानांतर सत्र में आयोजित कार्यशालाओं में आईआईएमसी की प्रो संगीता प्रणवेन्द्र ने 'क्रिएटिव राइटिंग' पर कार्यशाला ली। उन्होंने कहा की प्रतिभागियों को प्रतिदिन के होने वाली घटनाओं को लिखने का तरीका सीखना चाहिए। पुस्तकों, कविता, कहानी, मूवी, लेख, पत्र-पत्रिकाओं को देखकर, सुनकर, पढ़कर मस्तिष्क में शब्दावली को बढ़ाना चाहिए। दूसरी कार्यशाला में रूचि श्रीमाली ने 'आर्ट ऑफ रीडिंग' में कैसे पढ़ा जाए। पढ़ने में एकाग्रता कैसे लाई जाएं। पुस्तकों का चयन कैसे किया जाए जैसी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। दूसरे पैनल डिस्कशन सत्र 'शक्ति की अभिव्यक्ति' में समाज में महिलाओं की शक्ति को उजागर करने के लिए करणीय कार्यों पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्री ऋतु सारस्वत ने कहा कि भारतीय दर्शन में महिलाएं प्रथम सम्मानित रही। विदेशी आक्रमण से भोग व दमन का कुंठित विचार आया। इस सत्र में शिवानी स्वर्णकार और विधि विशेषज्ञ ललित से रूचि ने चर्चा संचालन किया। प्रेरक सत्र में जेएनयू प्रोफेसर राजेश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को एकेडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस को लेकर मार्गदर्शन दिया। विश्व पटल पर भारत में रक्षा विशेषज्ञ अभिनव से वार्ता करते हुए कमलेश शर्मा ने सत्र का समन्वय किया। फेस्ट में विशेष रूप से राज पुस्तक मंडप सजाया गया, जिसमें 3000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध रही। जिनमें 700 से अधिक टाइटल थे।

**नाटिका में जीवंत हुए स्वामी विवेकानंद :** स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद पर एक प्रभावी नाटिका का मंचन हुआ। नाटिका में शिकागो की धर्म संसद में दिए स्वामीके भाषण को जीवंत रूप देने के साथ ही स्वामी जी जीवन की प्रमुख घटनाओं का मंचन किया गया।

## मकर संक्रांति पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मकर संक्रांति को लेकर मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पंच मुखी हनुमान नंदी गोशाला में गौमाता ओर नंदी भगवान को भोजन करवाया जाएगा। इस अवसर पर गोभक्त दिलीप पालीवाल के मुखारविंद से गौमाता के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही तुलादान कार्यक्रम होगा। गौमाता ओर नंदी भगवान को घी से बनी 251 किलो लापसी का भोग लगाया जाएगा। गौमाता ओर नंदी भगवान को हरा चारा, जो, रज्का जिमाया जाएगा। सभी गौभक्तओ के भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# मेधावी छात्राओं को दीं स्कूटियां



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लोहिया महाविद्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी छात्रवृति योजना काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत जिले में उच्च शिक्षा में नियमित अध्ययनरत मेधावी छात्राओं को विधायक हरलाल सहारण ने स्कूटी वितरित की। कार्यक्रम के तहत सत्र 2023-24 की कुल 455 स्कूटियां जिले की मेधावी छात्राओं को वितरित की जाएगी। जिसमें 435 स्कूटियां काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत एवं 20 स्कूटियां देवनारायण स्कूटी योजना के तहत वितरित की जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजु शर्मा ने की। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड़, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार छात्राओं के उच्च शिक्षा एवं कैरियर निर्माण के प्रति संवेदनशील है। ये स्कूटियां छात्राओं को इसलिए प्रदान की हैं कि ताकि ये मेधावी छात्राएं इन स्कूटियों का अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण करने एवं उच्च शिक्षा में अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने में सदुपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा में उत्तरोत्तर उन्नति करनी चाहिए ताकि वे अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने महाविद्यालय में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के निर्माण के लिए 70.00 लाख रुपये की डीएमएफटी मद से स्वीकृति प्रदान करवाने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। साथ ही विधायक की ओर से महाविद्यालय में मीठे पानी के लिए कुंड निर्माण एवं महाविद्यालय में पानी की आपूर्ति के लिए नलकूप निर्माण के आश्वासन पर प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. सुमेर सिंह ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राम मंदिर की पहली वर्षगांठ मनाई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही कस्बे के नरसिंह द्वारा आश्रम में बीती रात को भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को रामायण मंडल मोही के तत्वावधान में नर्सिंग द्वारा में 501 दीपक के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। पंडित दिनेश खंडेलवाल ने राम दरबार का आकर्षक श्रृंगार कर ठाकुरजी को भोग लगाया गया। रात को मावली से रामा दल एवं भक्तों ने संगीतमय सुंदर काण्ड में सभी भक्तों को नाचने को मजबूर कर दिया। रामायण मंडल द्वारा सभी का बालाजी की छवि भेट कर सम्मान किया गया। दिग्विजयसिंह भाटी, भगवानसिंह चुंडावत, लक्ष्मणसिंह, उत्तम, नीरज, दिलीप, अरुण, पीरू, रमेश, दिनेश, शंकर, सोनू, राजू, रंजित, छोगालाल, अजय, मिथुन, राजू, भेरू, मुरली, सोनू, नरेश आदि राम हनुमान भक्त मौजूद रहे।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरासर में विद्यार्थियों में स्वेटर वितरण




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अणुव्रत काव्य धारा व स्वेटर वितरण कार्यक्रम-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरासर चारणान में अणुव्रत समिति के द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समिति के अध्यक्ष रचना कोठारी व शकुंतला सारण द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को 60 स्वेटर वितरित किए गये स्वेटर वितरण लक्ष्मीपति कमल, निर्मल, पवन, मनोज बेंगानी परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अणुव्रत समिति चूरू की अध्यक्ष रचना कोठारी ने अणुव्रत का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन में छोटे-छोटे नियमों द्वारा जीवन को कैसे अनुशासित व संस्कारित किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिप्रसाद टाक ने अणुव्रत समिति चूरू व स्वेटर वितरण करने वाले परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यार्थी को जीवन में अणुव्रत के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री अजय पवार द्वारा किया गया इस अवसर पर भंवर लाल नायक, लीलू राम, गायत्री देवी तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### रतनगढ़ की बहू ने राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीते दो स्वर्ण पदक




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से बीकानेर के डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रतनगढ़ की नीलिमा (सुमित्रा) गोस्वामी ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक प्राप्त किया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अविनाश कल्ला एवं सचिव केके शर्मा ने नीलिमा को पदक प्रदान किए। आगामी मार्च में गोवा में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए नीलिमा गोस्वामी पत्नी हेमंत गोस्वामी लगातार तीसरी बार राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने अपनी पुत्रवधू की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

### सत्यनारायण स्वामी व ओम प्रकाश मेघवाल पचमढ़ी से ए.एल.टी.कोर्स कर लौटने पर स्वागत

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत स्काउट गाइड, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी पर आयोजित ए.एल.टी. कोर्स में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के द्वारा जिले के सत्यनारायण स्वामी वरिष्ठ अध्यापक एवं ओमप्रकाश मेघवाल अध्यापक का स्काउट सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स के लिए चयन किया गया। यह स्काउट शिविर राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्य प्रदेश में आयोजन हुआ। इस शिविर में श्री सत्यनारायण स्वामी व ओमप्रकाश मेघवाल सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट कोर्स का कर्तव्य निष्ठा जिम्मेदारियां समझकर व विभिन्न स्काउट कला कौशल पायनियरिंग एडवेंचर आदि का प्रशिक्षण लिया सर्दी में वहां आवासीय रहकर इस कोर्स में भाग लिया। दोनों शिक्षक चूरू पहुंचने पर जिले के सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने दोनों का सफलता की अग्रिम हार्दिक बधाई देते हुए स्वागत किया तथा जिले के स्काउटर गोपाल लाल बैरवा मनीराम स्वामी करनी सिंह ओमप्रकाश मेघवाल विमल कुमार विजय सवामी भी हार्दिक अभिवादन किया।



### 'विवेकानन्द के बताए गए आदर्श को अपने जीवन में उतरे'

**सादुलपुर।** श्री एस. जे. डी. अग्रवाल तोला महिला पी. जी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया कार्यक्रम अधिकारी नंदिता जांगिड़ ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने विवेकानंद जी से जुड़े रोचक व ज्ञानवर्धक प्रसंग सुनाए। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

# राज्य स्तरीय पण्डित श्री राम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अलवर गायत्री शक्तिपीठ पर उक्त समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चूरू जिले से 7शिक्षक गण सम्मानित हुए। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने और मानवता के लिए विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रति वर्ष राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से चयनित शिक्षकों को गायत्री परिवार द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष चूरू जिले से विश्वनाथ भाटी प्रधानाचार्य रा उच्च मा वि कोहिना, पूर्णा राम माहिच प्रधानाचार्य रा उच्च मा वि जोड़ी, सीमा शर्मा व्याख्याता श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च मा वि रतनगढ़, नथु राम सैन व्याख्याता रा उच्च मा वि साडासर, संदीप शर्मा व अ रा उच्च माध्यमिक विद्यालय दूंकर, दिनेश मरोलीया व अ रा उच्च मा वि रतनपुरा और किशन सिंह राठौड़ अध्यापक रा उच्च मा वि परसनेऊ को सम्मानित किया गया। इन्हें शान्तिकुन्ज हरिद्वार से पधारे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के राष्ट्रीय संयोजक राम यश तिवारी, राजस्थान के प्रभारी रमा कांत आमेटा, जयपुर के प्रभारी उमेश कुमार माथुर व अलवर के गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी एवं परिजनों द्वारा शॉल, प्रतीक चिन्ह, साहित्य एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

# प्रशासनिक अधिकारियों के सानिध्य में शुरू हुआ स्वच्छता अभियान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे में तीन दिवसीय साफ सफाई अभियान की शुरुआत की गई। चारभुजा ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मचंद सरगरा ने बताया कि कस्बे में जगह-जगह पर कचरे की ढेर एवं मंदिर के मुख्य मार्ग पर सफाई को लेकर हाल ही में राजसमंद जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा क्षेत्र का दौरा कर कुंभलगढ़ विकास अधिकारी मांगीलाल, ग्राम विकास अधिकारी मनोहर मीणा सरपंच धर्मचंद्र सरगरा को निर्देशित किया था। जहां पर सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान की शुरुआत चारभुजा के तहसीलदार पर्वतसिंह राठौड़, विकास अधिकारी मांगीलाल, उपखंड अधिकारी गोविंदसिंह द्वारा की गई। चारभुजा तहसीलदार पर्वत सिंह राठौड़ ने बताया कि तीन दिवसीय सफाई अभियान प्रारंभ किया है। जो मोराना चौराहा, बाईपास शुगर फैक्ट्री, बस स्टैंड, सेवंत्री रोड, मंदिर पार्किंग, मंदिर मार्ग एवं मंदिर चौक का तीन दिनों तक साफ-सफाई अभियान शुरू किया है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में झलका उत्साह




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन पर माय भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल एवं स्वच्छ केलवा हरित केलवा की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन जागनाथ महादेव मंदिर केलवा में किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष लालूराम सिंधल ने बताया की युवाओं को विवेकानंद के मार्ग पर चलना चाहिए युवा में वह ताकत है जो राष्ट्र को समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। छात्रा अध्यक्ष हंसा राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान एंजल कोठारी, द्वितीय माही सांखला एवं तृतीय रिचिका सुथार रही। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिशा पालीवाल, द्वितीय रेखा राठौड़ एवं तृतीय किरण रजक ने प्राप्त किया। मंडल अध्यक्ष लालूराम सिंधल, छात्रा अध्यक्ष हंसा राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना रजक, मंत्री रेखा राठौड़, उप मंत्री प्रीति साहू, सांस्कृतिक मंत्री रीचिका राठौर, स्नेहा माली, पायल माली, बीटू पंवार, किरण रजक, मोनिका प्रजापत, पायल खुशी, माही सांखला, चन्दा कोठारी, एंजल कोठारी, माही पालीवाल, ममता पालीवाल, दिशा पालीवाल, काव्या रजक आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं ने पहुंचाया फिट इंडिया का संदेश




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

राजसमंद। नांदौली माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र राजसमंद एवं श्रीकृष्णा नवयुवक मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानन्द की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई। घनश्याम पुर्बीया ने बताया कि 12 से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें मण्डल द्वारा रविवार को एक दिवसीय वालीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नांदोली के खेल मैदान में कर युवाओं को फिट रहने का संदेश दिया दिया। पहला मैच श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल नान्दोली व मेडतिया के बीच खेला गया। पहला सेमीफाइनल भाटोली व मेडतिया के बीच हुआ। जिसमें 2-0 से भाटोली जीत सेमीफाइनल मे पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल एमडी व नाकली के बीच हुआ। जिसमें 2-1 से जीत कर एमडी फाइनल मे प्रवेश करा। फाइनल मैच मे एमडी व भाटोली के बीच हुआ। जिसमें एमडी ने 2-1 से जीत कर प्रतियोगिता जीती। इसमें मुख्य अथिति नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम सहायक हनुमंतसिंह चौहान, श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल संस्थापक लक्ष्मण शर्मा, शारीरिक शिक्षक दिनेश पुर्बीया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, रघुनन्दन, मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर सालवी, मंडल खेल मंत्री अविनाश वैष्णव, राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी शंकर, गायरी पुर्बीया, देशबंधु, दीपक सुथार, विनय पुर्बीया, भरत पुर्बीया आदि मौजुद थे।

# लाडेसर अभियान के तहत सर्वे, बच्चों को दिए गए पोषण किट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के बालाजी बाईपास रोड स्थित वार्ड नंबर 19 मे आंगनबाड़ी केंद्र पर लाडेसर अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग सांभर लेक के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर सर्वे, बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास अधिकारी सपना मौर्य ने कि, जबकि कार्यक्रम में तहसीलदार कृष्णा कुमारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर बीनू पाठक, विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा मौजूद रहे। इस मौके पर सीडीपीओ सपना मोर्य ने अभियान लाडेसर के संबंध में जानकारी देते बताया कि बच्चों को कुपोषण से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से हष्ट पुष्ट बनाने की कामना के साथ जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी द्वारा शुरू किया गया अभिनव अभियान लाडेसर युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अभियान के तहत लाडेसर योजना के माध्यम से शिशु व बाल वर्ग में कुपोषण के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी शिशु, बालकों व किशोरियों का सर्वे कर कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण किए जा रहे है, तथा लगातार 3 माह तक प्रतिमाह एक किट का वितरण भामाशाह के सहयोग द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। ताकि कुपोषण श्रेणी से सामान्य श्रेणी में लाया जा सके तथा पोषण का कार्य आंगनबाड़ी स्तर पर विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व वसा आदि खाद्य पदार्थों से किया जाएगा, जिसमें 1 माह के खाद्यान्न किट का सहयोग शामिल है, जो सामाजिक सरोकार की भावना से उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि आंगनबाड़ी द्वारा चलाया गया आज के समय की आवश्यकता है। तथा इस कार्यक्रम की सराहना करता हूं। इसी कड़ी में सांभर लेक नवरंगपुरा पंचायत समिति काजीपुरा पंचायत समिति पर भी लाडेसर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं माता-पिता को अपने उत्तरदायित्व निर्वहन करने तथा बच्चों की पोषण स्थिति पर अधिक ध्यान देने की शपथ दिलवाई गई। तथा बीनू पाठक ने बताया कि अति कुपोषित बच्चों के लिए आशा सहयोगिनियों व कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है।

# छात्राओं को स्वेटर वितरित



**चूरू।** अखिल भारतीय मैत्री मंच व मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के संयुक्त तत्वावधान में मंच की ऊर्जावान राष्ट्रीय संयोजिका डॉ शर्मिला सोनी के सानिध्य में स्नेहप्रभा जयकुमार शर्मा के आर्थिक सौजन्य से उनकी पुत्री कुमारी रुचिता शर्मा की पुण्य स्मृति में भूरमल मिश्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानगढ़ की जरूरत मन्द 51 छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजीत सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं प्राचार्या कमला शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच के संरक्षक ओंकार जी पारीक, परीक्षित माली, प्रियांश सोनी एवं विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक दीपाराम सांडेला मंचस्थ रहे। विद्यालय स्टाफ में सुमेर सिंह राठौड़, संतोष की सहयोगात्मक भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन भंवरलाल पांडर ने किया।

# आज समाप्त होगा मलमास, एक माह बाद अब गूंजेगी शहनाइयां, होंगे मांगलिक कार्य

- सूर्यदेव होंगे दक्षिणायन से उत्तरायण
- मकर संक्रांति का पुण्यकाल सवेरे 7.31 से सायं 6.03 तक रहेगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ग्रहों के राजा सूर्य सवेरे 8.56 बजे सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास समाप्त होगा और मांगलिक कार्य शुरु होंगे। ज्योतिष एवं वास्तुविद आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि मलमास मार्गशीर्ष पूर्णिमा रविवार 15 दिसम्बर 2024 की रात्रि 10.11बजे से प्रारम्भ हुआ था। जो माघ कृष्ण प्रतिपदा 14 जनवरी को 8.55 बजे तक मान्य होने तथा इसी समय सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास समाप्त होगा। इसके बाद देव प्रतिष्ठा, शादी-ब्याह, उपनयन संस्कार, गृह निर्माण, गृह प्रवेश, वास्तु, मुहुर्त्त, वाहन क्रय, दस्तूर, मुंडन संस्कार आदि मांगलिक कार्य शुरु होंगे।

## इसलिए मनाते मकर संक्रांति





सूर्यदेव का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को मकर संक्रांति कहते है। सूर्यदेव धनुराशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति शुरु हो जाती है अर्थात् सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं और मलमास समाप्त हो जाता है। इसी दिन भीष्म पितामह ने रवि उत्तरायण होते ही अपने प्राण त्यागे थे तथा उनका मोक्ष हो गया था। सूर्यदेव का प्रत्येक बारह राशियों में एक-एक माह का भ्रमण रहता है। इस प्रकार मकर राशि में भी सूर्यदेव का भ्रमण एक मास रहता है अर्थात 14 जनवरी से 12 फरवरी तक मकर संक्रांति काल रहेगा। संक्रांति का पुण्यकाल सवेरे 7.31 से सायं 6.03 तक रहेगा। यह पर्व लगभग संपूर्ण भारत में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व को गुजरात में उत्तरायण, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी, पंजाब व जम्मू.कश्मीर में लोहिडी, सिंधी समाज लाल लोही, आसाम में बिहुका तथा दक्षिण भारत में पोंगल के रुप में मनाते है। संक्रांति के दिन पतंगबाजी व तिल खाने का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन सूर्य की रोशनी शरीर पर गिरने तथा तिल खाने से रोगों का नाश होता है। इस दिन तिल, तिल के व्यंजन, चावल, दाल, खिचड़ी आदि दान का विशेष महत्व है।

# सर्दी के तेवर तीखे : कोहरे के आगोश में शहर, शीतलहर से बढ़ी गलन

- जिले में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के लिए आज व कल अवकाश घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में हफ्तेभर बाद एक बार फिर से रविवार को सर्दी के तेवर तीखे रहे। अल सवेरे कोहरा रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण अचानक बढ़ी सर्दी के कारण हर कोई धूप, अलाव या ऊनी वस्त्रों का उपयोग करते दिखा। सर्द हवाओं ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया। सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी। हवाएं चलने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। हालात यह रहे कि आम दिनों की अपेक्षा में सवेरे शाम बाजार खुलने एवं बंद होने का भी समय बदलने लगा है। उधर, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने सोमवार को एक आदेश जारी कर मंगलवार एवं बुधवार को विद्यालयों में विद्यार्थियों के अवकाश के आदेश जारी किए है। जिले में बादलों के कारण अधिकतम 19 तथा न्यूनतम तापमान बढ़कर 9 डिग्री पर पहुंच गया। सर्द हवा से कंपकपी छूट गई।



**जिला कलक्टर ने घोषित किया अवकाश**

*मौसम विभाग की ओर से शीतलहर चलने एवं ठंड का असर रहने की पूर्वानुमान बताया है। इसको लेकर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने मंगलवार व बुधवार को नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं में अवकाश घोषित कर दिया है। यह अवकाश विद्यार्थियों के लिए घोषित किया है। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा।*

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित मांझे व चाइनीज मांझे की जांच की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के निर्देशानुसार मकर संक्रांति पर्व को लेकर सोमवार को उपखंड अधिकारी नरेंद्र कुमार, पुलिस उप अधीक्षक मुकेश चौधरी, तहसीलदार जगदीश बिश्नोई एवं नगर परिषद की टीम ने बाजार में चाइनिज मांझे एवं प्रतिबंधित मांझेकी दुकानों की सघन जांच की। उन्होंने इस दौरान दुकानदारों को प्रतिबंधित मांझे व चाइनीज मांझे की बिक्री ना करने की हिदायत भी दी।

## सिरोही की दो छात्राएं ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामिंट में लेंगी भाग





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय सिरोही में अध्ययनत तान्या सेन और स्नेहा राठौड़ ने विवि वेस्ट जोन क्रिकेट टूर्नामिंट में अपनी टीम में बेहतरीन खेल खेलते हुए तथा अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए अपनी टीम को ऑल इंडिया लेवल के लिए अपनी टीम को क्वालिफाई करवाया है। दोनों ऑल इंडिया लेवल पर विश्वविद्यालय की टीम में अपनी प्रतिभा दिखाएगी। इकाई अध्यक्ष रोहित कुमार मीणा ने बताया कि इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय सिरोही के छात्रों ने सभी खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है तथा अब इन दोनों छात्राओं का सलेक्शन होना महाविद्यालय के लिए बड़ा गर्व का विषय है। पूरी एबीवीपी टीम ने दोनों छात्राओं को बधाई दी। एबीवीपी भाग संयोजक प्रथम खत्री ने बताया कि दोनों पहले से क्रिकेट खेल में माहिर है। पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय की टीम को आगे अच्छा प्रदर्शन करने में दोनों बहनों भागीदारी भी रही है। जिले में आयोजित होने वाले गर्ल्स टूर्नामिंट में भी टीमों में दोनों छात्राओं की भागीदारी रहती है।

## मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर करवाया भोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवती पूर्णिमा पर भामाशाह हितेश कुमार पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने विद्यालय की समस्त बालिकाओं मयस्टाफ कृष्ण भोग के भोजन करवाया। भामाशाह हितेश कुमार पिछले 3 वर्षों से लगातार विद्यालय की बालिकाओं को कृष्ण भोग के तहत भोजन करवाते हैं। विद्यालय के संस्था प्रधान भगवतसिंह सोलंकी ने भामाशाह हितेश कुमार का आभार अभिव्यक्त किया। बलवंत कुमार, बबली मीना, संतोष मिस्त्री, रामराम गुर्जर, तेजसिंह, अगराराम, सुमेरसिंह, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## देवड़ा एवं मीणा बने प्रदेश प्रतिनिधि





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जयपुर के गणगौर होटल में रविवार को पंचायतीराज मंत्रालय कर्मचारी संघर्ष समिति की प्रदेशस्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के मंत्रालिक कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में सिरोही जिले से भटाना के रविन्द्रसिंह देवड़ा एवं शिवगंज से अर्जुन मीणा को प्रदेश कमेटी ने सर्वसम्मति सिरोही जिले के लिए प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर मनोनयन कर दोनों का सम्मान किया। इस पर देवड़ा एवं मीणा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार संगठन ने हम दोनों पर विश्वास जताकर प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर मनोनय किया है। उसपर हम खरा उतरेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश बैठक में सिरोही जिले से कार्यकारी जिलाध्यक्ष कांतिलाल माली, जिला प्रतिनिधि संदीप अग्रवाल, सिरोही ब्लॉक अध्यक्ष गणेश परमार, ब्लॉक मंत्री बाबूलाल, गजेंद्र सुथार आदि मौजूद रहे ।

## खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रमान पत्र का प्रशिक्षण शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से जिले के ग्रामीण युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रमाण पत्र का प्रशिक्षण शुरु किया गया। 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रय प्राधिकार के लिए प्रमाण पत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के छः बैच सफलता पूर्वक संपन्न होने के बाद सोमवार से सातवा बैच का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर के अधिष्ठाता डॉ. एमके पूनिया एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट के डीजीएम छत्रपालसिंह राठौड़ वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एसके. खींची तथा समन्वयक डॉ. सोनिका शर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. पूनिया ने कहा की इस तरह के प्रशिक्षण में उर्वरकों का कृषि में महत्व, उर्वरकों के प्रकार, उर्वरकों की दी जाने वाली मात्रा की जानकारी हासिल कर किसानों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजीएम राठौड़ ने कहा की सभी लोग इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्राधिकार पत्र हासिल करने के योग्य होगें साथ ही उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन बनाने के लिए भी प्रतिभागियों को जगरूक किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. खींची ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को कृषि मे विज्ञान को समावेश करने का अनुरोध किया। पाठयक्रम समन्वयक डॉ. सोनिका शर्मा ने 15 दिवसीय कार्यं म की रूपरेखा प्रस्तुत की। पाठ्यक्रम सह समन्वयक सुशील कुमार ने बताया कि खाद व उर्वरक प्रशिक्षण की इस क्षेत्र में बहुत बड़ी आवश्यकता है। इससे किसानों के बीच ज्ञान का प्रसार होगा एवं किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी।

## शिविर में 154 मरीजों की जांच




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** खंदरा में ब्रह्मलीन पोमजी महाराज की स्मृति में बाबा रामदेव मठ खंद्रा के गादीपति रामनाथ महाराज के मुख्य अतिथ्य में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद लुंबाराम चौधरी का भी सान्निध्य रहा। शिविर में 154 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 33जनों का ऑपरेशन के लिए चयन कर आबूरोड लेकर गए।

## आलू प्याज की बोरियों के बीच मिला 93.600 किलोग्राम डोडा पोस्त, तीन गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** पालड़ीएम पुलिस की ओर से एक कार्रवाई कर एक लोडिंग टेंपो आलू प्याज की बोरियों की आड़ में परिवहन हो रहे 93.600 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। थानाधिकारी हुकुमसिंह भाटी ने बताया कि डोडा तस्करी के मामले में भिंडर निवासी नितेश आचार्य, खेड़ी सालवा निवासी प्रभुराम विश्नोई और करी निवासी अशोक बिश्नोई शामिल हैं। पकड़े गए आरोपी नितेश आचार्य की 19 जनवरी को शादी होनी थी, लेकिन शादी से 8 दिन पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि टेंपो के आगे एक कार एस्कॉर्ट कर रही थी, जिसे भी जब्त कर लिया गया।

## मानव मेटान्यूमोवायरसः बढ़ते संक्रमण का नया खतरा, सावधानी और जागरूकता आवश्यक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** हाल ही में मानव मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिकित्सा जगत में चिंता बढ़ रही है। माधव विवि के होम्योपैथिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार बेहरा ने बताया कि यह वायरस आमतौर पर जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है। लेकिन, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों के लिए यह गंभीर खतरा बन सकता है। एचएमपीवी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और बुखार, खांसी, नाक बहने और सांस फूलने जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकता है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में यह निमोनिया और ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉ. बेहरा ने बताया कि इस सं' मण के खिलाफ अभी कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, होम्योपैथी द्वारा इसके लक्षणों को नियंत्रित करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। डॉ. बेहरा ने होम्योपैथिक उपचारों का उल्लेख करते हुए बताया कि सर्दी और थकान के लिए आर्सेनिकम एल्बम, सूखी खांसी और सिरदर्द के लिए ब्रायोनिया अल्बा व बच्चों के हल्के लक्षणों के लिए पल्सेटिला का उपयोग किया जा सकता है। सं' मण से बचाव के लिए डॉ. बेहरा ने व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धोने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने की सलाह दी।

## पोमजी महाराज की स्मृति में बालिकाओं को वितरित किए तुलसी के पौधे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंदरा में ब्रह्मलीन पोमजी महाराज की स्मृति में गादीपति रामनाथ महाराज के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्यं म आयोजित किया गया। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत, खंदरा गादीपति रामनाथ एवं सांसद लुंबाराम चौधरी ने बालिकाओं को तुलसी के पौधों का वितरण कर



पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। सासंद चौधरी ने कहा कि मानव सेवा सर्वोपरी है। पन्नालाल, शिक्षक गोविंद मीणा, समाज सेवी शिक्षाविद् हम्मीरसिंह राव व कुमावत ने बालिकाओं को यूज वेस्ट -पर्यावरण बेस्ट प्रोजेक्ट की जानकारी दी। रामनाथ ने भामाशाह व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। हनुमानदास महाराज, मांगीलाल मारु, सरपंच तेजाराम, उप सरपंच श्रवणसिंह देवड़ा, विजयसिंह देवड़ा, नरपतसिंह राडबर, ताराराम माली, उपप्रधान नारायणसिंह, गोविंदसिंह, समाज सेवी मोहनलाल कुमावत, एसीबीओ हरिशंकर, किरण मीना, चुनाराम परिहार, प्रधानाचार्य वागालाल मीणा आदि मौजूद थे।

## माधव विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 28 फरवरी से

**सम्मेलन में होंगी समावेशी ज्ञान प्रणाली पर वैश्विक चर्चा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय 28 फरवरी से दो दिवसीय बहु-अनुशासनात्मक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय समावेशी ज्ञान प्रणाली है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विष्णु चौधरी ने बताया कि यह सम्मेलन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जहां वे समावेशी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली के क्षेत्र में अपने विचारों और शोध को साझा करेंगे। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. भरत चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश से प्रतिष्ठित शिक्षाविद, शोधकर्ता और छात्र हिस्सा लेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे।

## विद्यालय में वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण संपन्न




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वेलांगरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के उप प्रधानाचार्य भरतसिंह आढा द्वारा वॉलिंटियर्स की भूमिका से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक आनंदसिंह देवड़ा द्वारा वॉलिंटियर्स को उनके कार्य की महत्व व शिक्षा कार्यक्रमों में भूमिका एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने संबंधित जानकारी दी गई। भंवरलाल माली, वीणाराम, नरपतसिंह, रमेश कुमार, मानाराम देवासी, ईश्वरलाल पुरोहित, पुष्पेंद्रसिंह देवड़ा, युसुफ भाई, किशोर भाई वैष्णव, भीमसिंह देवड़ा आदि वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर

# केंद्रीय मंत्री ने मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल समेत कई संस्थानों एवं आदर्श गांव पिपरेट का किया भ्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी सोमवार को दिवसीय धौलपुर दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर वे स्थानीय प्रशासन से वार्ता के पश्चात राजकीय मैडीकल कॉलेज एवं नवीन जिला चिकित्सालय के निरीक्षण हेतु पहुंचे। जिला अस्पताल में उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई में जाकर मरीजों उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कई मरीजों से उनकी बीमारी एवं चिकित्सकों से दिये जा रहे उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी ली। केंद्रीय राज्य मंत्री स्वयं पेशेवर चिकित्सक रहे हैं, इस दृष्टि से उन्होंने विभिन्न रोगियों के दिए जा रहे उपचार के बारे में सूक्ष्म ढंग से निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों के लिए समर्पित रामाश्रय वार्ड पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों से उनका हाल चाल लेकर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सभी मरीजों ने जिला अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने उन्हें केंद्र प्रवर्तित चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह साथ रहे। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां फैकल्टी एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी अर्जित की। उन्होंने यहां एक छात्रा से एनाटॉमी विषय पर कुछ प्रश्न किए। इस



दौरान प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज दीपक कुमार दुबे मौजूद रहे।

**आंगनबाड़ी खानपुर का निरीक्षण :** अगले क्रम में केंद्रीय मंत्री खानपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद बच्चों से मिलने वाले पोषाहार के बारे पूछा। साथ ही उन्होंने बच्चों से लर्निंग मैटेरियल के बारे में जानकारी ली। उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने पोषाहार समेत अन्य सुविधाओं पर जानकारी दी। यहां उन्होंने नीति आयोग से प्राप्त अवॉर्ड राशि से निर्मित नवीन आंगनवाड़ी परिसर का भी भ्रमण किया।

**छात्रों को समझाये विज्ञान के सूक्ष्म सिद्धांत एवं नियम :** केंद्रीय राज्य मंत्री जब बसेड़ी उपखंड के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पहुंचे तो छात्रों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे। छात्रों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के पश्चात बोर्ड पर लिखकर विज्ञान के सिद्धांतों, नियमों एवं न्यूमेरिकल समझाया। उन्होंने छात्रों से बड़े लक्ष्य रखकर उन्हें अर्जित करने हेतु परिश्रम करने की सीख दी। उन्होंने उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों से गणित एवं ज्यामिति के प्रश्न पूछे जिसका बखूब जवाब दिए जाने पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय में मौजूद आधुनिक संसाधनों, स्वच्छ एवं विशाल परिसर, छात्रों के अधिगम स्तर, अटल टिंकरिंग लैब, सुसज्जित पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की भूरि-भूरि सराहना की। इसके बाद उन्होंने सरमथुरा तहसील के आदर्श गांव पिपरेट पहुंचकर यहां मंजरी फाउंडेशन द्वारा संचालित सहेली अचार उद्योग इकाई का भ्रमण किया। उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं द्वारा तैयार किए गए अचार की गुणवत्ता को चखकर परखा और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़े जाने हेतु इस प्रकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे अचार की पैकिंग प्रकिया को भी देखा और महिलाओं द्वारा भेंट किए गए अचार का भुगतान किया। उन्होंने महिलाओं के बीच फर्श पर बैठ अचार उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली ।केंद्रीय राज्य मंत्री अगले क्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरेट में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान हेतु विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति कार्य करने और उनके द्वारा चयनित क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की सीख दी। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, प्रोटोकॉल अधिकारी अल्का श्रीवास्तव एवं केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी अर्जुन सिंह साथ रहे।

# 'छात्र-छात्राएं मोबाइल पर ध्यान न देकर कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान अर्जित करें'




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रमाण पत्र एवं किट वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आई आई सी ई कंप्यूटर सेण्टर की शाखा वर्मा इन्फोटेक राजगढ़ में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं को आज सर्टिफिकेट एवं किट प्रदान किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, मुख्य अतिथि भाजपा से जोगेंद्र झाझडिया राजगढ़ नगर पालिका के पूर्व वरिष्ठ पार्षद ज्ञानीराम प्रजापत, मुख्य अतिथि मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार के कर कमल से सर्टिफिकेट एवं प्रतीक चिन्ह देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री आचार्य ने कहा कि वर्तमान युग कंप्यूटर शिक्षा का युग है छात्र-छात्राएं मोबाइल पर ध्यान नहीं देकर कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान अर्जित करें। महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के निदेशक ललित पूनिया आई आई सी ई कंप्यूटर सेण्टर एवं वर्मा इन्फोटेक के निदेशक धर्मपाल वर्मा एवं सुमन वर्मा एवं समस्त स्टाफ कुर्बान सिक्का, राम निवास प्रजापत, कुसुम मोहता, सुनील खटक, सुखविंदर, राहुल, संगीता, मंजू तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर राजगढ़ मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा एवं भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया ने छात्र छात्राओं स्किल के महत्व तथा कंप्यूटर कोर्स एवं करिअर सबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

# हाईवे पर चलता डंपर धरती में समाया, धमाके के साथ 25 फीट गहरा और चौड़ा गड्ढ़ा हुआ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर शहर में चलता डंपर अचानक सड़क धंसने से धरती में समा गया। सड़क धंसते ही 25 फीट चौड़ा और इतना ही गहरा गड्ढा बन गया। गड्ढे में डंपर के आगे का हिस्सा ऊपर और पीछे का पार्ट नीचे की ओर से था। इससे ड्राइवर की जान बच गई। ट्रक नेशनल हाईवे 248 से गुजर रहा था। उसमें मिट्टी भरी हुई थी। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हाईवे की सर्विस लेन पर हुआ। सड़क धंसने और गड्ढे में डंपर गिरने से लंबा जाम लग गया। करीब साढ़े चार घंटे बाद क्रेन के जरिए डंपर को गड्ढे से निकाला गया। डंपर में करीब 20 टन वजन था। बताया जा रहा है कि सीवरेज और पानी की लाइन में लीकेज के कारण सड़क धंस गई। ड्राइवर सहीराम ने बताया कि डंपर में मिट्टी भरकर अलवर के पास बगड़ तिराहा जा रहा था। हनुमान सर्किल से करीब 500 मीटर आगे जेएस फॉर व्हील्स के सामने साइड वाली लेन पर था। अचानक ट्रक नीचे चला गया और मेरी आंखों के सामने अंधेरा छा गया था। इतना भी होश नहीं रहा कि केबिन से बाहर छलांग लगा सकूं। आसपास के लोगों ने बाहर निकाला था। 20 टन क्षमता की क्रेन के जरिए डंपर को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद 30 टन क्षमता की क्रेन मंगवाई गई। तब जाकर करीब साढ़े चार घंटे बाद डंपर निकाला जा सका। हाईवे के कुछ हिस्से का निर्माण करीब ढाई साल पहले हुआ था। करीब 10 किलोमीटर की रोड को 118 करोड़ रुपए में बनाया गया था। इस पर टोल प्लाजा भी है। हाईवे के नीचे पानी और सीवरेज की लाइन भी है। जानकारों का कहना है कि पानी की लीकेज से जमीन बैठ जाती है। इसे सड़क धंसने का कारण माना जा रहा है।



# छात्राओं को स्वेटर वितरित



**सादुलपुर।** श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिधमुख में जीव विज्ञान विषय खुलने व स्वेटर वितरण कार्यक्रम के उपलक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया जहां भामाशाह श्री चनानी परिवार द्वारा कक्षा 1 से 12 तक की सभी छात्राओं को सर्दी के मौसम के लिए स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान ममता वर्मा ने श्री चनानी परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह परिवार विद्यालय के विकास में हमेशा सहयोग करता आया है इसके अलावा, प्रधानाचार्य ममता वर्मा ने बताया कि विज्ञान वर्ग में गणित विषय के साथ-साथ आगामी सत्र 2025-26 से जीव विज्ञान विषय भी शुरू किया जाएगा, जिससे छात्राओं को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम में सरपंच महावीर जांगिड़, संजय खुडिया, राकेश ढाका, बाबूलाल राजपुरोहित, करतार टांडी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, रामकुमार सिहाग, प्रधान ढाका और ग्रामीणों ने श्री चनानी परिवार और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने शीत लहर को देखते हुए नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में बनाए गये रैन बसेरों की आमजन की जानकारी के लिये सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स लगाना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरों में ठहरने वाले व्यक्तियों का चैकअप करें एवं पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरों में प्राथमिक उपचार की दवाइयां रखते हुए मेडिकल टीम द्वारा निरीक्षण किया जाये। उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को कर्मयोगी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए सड़कें, राजकीय भवनों के लिये आपदा प्रबन्धन से जारी की गई राशि से किये जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का उपखण्डाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वॉलपेन्टिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों द्वारा बिजली के अवैध कनेक्शन से विद्युत की आपूर्ति ली जा रही है उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जहां भी नहरों पर अतिक्रमण हो रहा है उसको चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आगामी समय में रीट एवं राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवा की परीक्षाओं के लिये चिन्हित केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सेवाओं की उपलब्धता हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले में अनुपयोगी बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उनको बंद कराये जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ब्रह्मनगर के युवाओं ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राष्ट्रीय राजमार्ग नेशनल हाईवे 52 पर चूरू से सादुलपुर के मध्य दांई तरफ में सर्विस रोड को सही करने की बात को लेकर ब्रह्मनगर गांव के युवाओं ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। गांव के विष्णु शर्मा ने बताया कि ग्राम ब्रहमनगर जो कि दूधवाखारा रेल्वे स्टेशन पर एनएच 52 से लिंक है। एनएच 52 पर चेजेज संख्या 50 250 से 52 300 के मध्य दांयी तरफ लिंक है। जो अपने आप में एफ ब्लैक स्पॉट है, जहां रोज दुर्घटना होनें की संभावना है। पूर्व में भी इस जक्शन पर 2 दुर्घटना हो चुकी हैं। शर्मा ने बताया कि लिंक रोड़ से मिडियन कट की दूरी बांई तरफ 5 किमी. राजगढ की तरफ और विपरित दिशा चूरू की तरफ में 500 मीटर है। वाहनों की अपनी लेन चूरू की तरफ, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, मार्केट आदि में जाने के लिए 500 मीटर विपरित दिशा में चलकर आ रहे वाहनों के सामने जाना पड़ता है। जिससे दुर्घटना होनें की संभावना अत्यधिक रहती है। एनएच 52 से ब्रह्मनगर, राजपुरा व मेघवालों की ढाणी आदि बड़ी आबादी वाले गांवों से जुड़ी सड़क है। इन गांवों की तरफ से रोज आने वाले स्कूल बस, कार, बाईक आदि वाहनों को जान जोखिम में डालकर मजबूरन विपरित दिशा में 500 मीटर जाना पड़ता है। ग्रामवासियों की ओर से गल्फार कन्ट्रक्शन कम्पनी को बार-बार अवगत करवाया जा चुका है। परन्तु इस कम्पनी की ओर से इसे संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। कम्पनी अपनी मनमर्जी व कुछ लोगों से मिलिभगत से कार्य कर रही है। वहां पर ऑथोराईज मिडियन कट अथवा सर्विस रोड 5.5 मीटर एवं प्रोटेक्शन रेलिंग निर्माण करवाया जाए। ग्राम ब्रह्मनगर की तरफ जक्शन की हाईट अधिक होनें से इसके उपर से गुजर रही। 11 केविए. विद्युत लाईन के तार रोड से हाईट मात्र 12 से 13 फीट होनें से बड़े साधन के सम्पर्क में आने से बड़ी दुर्घटना होनें की पूर्ण संभावना है। विद्युत विभाग को इसके समाधान के लिए निर्देशित करें ।इस समस्या का समाधान नहीं होनें की स्थिति में ग्रामवासियों की ओर से इस स्थान पर मिडियन तोड़कर अपना अनऑथोराईज कट बनाने के लिये मजबूर हैं व इस दरमियान होनें वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए गल्फार कन्ट्रक्शन कम्पनी तथा एनएचएआई जिम्मेदार होगी। इस अवसर पर सचिन शर्मा, प्रीतम शर्मा, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, सीताराम गुर्जर, प्रवीण जांगिड़, कुलदीप शर्मा, सुभाष जांगिड़, गोकूल शर्मा, रणवीर फोगावाट, नागर शर्मा व पृथ्वी सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रा-छात्राओं का 14 जनवरी से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में जारी शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए अलवर जिले में संचालित कक्षा 1 से 5 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं का 14 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया है एवं शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों का समय प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक किया गया है। यह अवकाश केवल छात्रा-छात्राओं हेतु लागू रहेगा। शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई संस्था प्रधान उक्त अवधि के दौरान 1 से 5 तक कक्षाओं का संचालन करता पाये जाने तथा शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों का समय प्रात- 10 बजे से सांय 3 बजे तक के अलावा स्कूल संचालित पाये जाने पर उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आदेश की अवमानना : शिक्षा विभाग ने दिया कारण बताओ नोटिस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिला कलेक्टर द्वारा घोषित अवकाश के दौरान महाराजा शिक्षण संस्थान मे कक्षा संचालित करने पर स्कूल संचालक को कुचामन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। महाराजा शिक्षण संस्थान जिला कलेक्टर द्वारा अवकाश के बावजूद स्कूल का संचालन करने पर शिक्षा विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने कस्बे के निजी विद्यालयों कि पड़ताल की तो इस दौरान महाराजा शिक्षण संस्थान स्कूल संचालित हो रही थी। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन ने शीतलहर और बढ़ती ठंड को देते हुए जिले मे कक्षा 1 से 5 तक समस्त सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिनांक 13 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया था लेकिन कुचामन में महाराजा शिक्षण संस्थान कलेक्टर के आदेश के बावजूद भी संचालित हो रही थी जबकि इस समय क्षेत्र में कड़ाके की ठंड भी पड़ रही है और ठंड को देखते हुए ही जिला कलेक्टर की ओर से छुट्टियों की तारीख निर्धारित की गई थी लेकिन कलेक्टर के आदेशों को धत्ता बताकर शिक्षण संस्थाएं मनमर्जी से स्कूलों में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं ऐसे में कड़ाके की ठंड में भी छोटे छोटे बच्चों को स्कूलों में जाना पड़ रहा है। मामले को लेकर भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया चतुर्भुज शर्मा, मनोज भारद्वाज, मनीष कुमार भिडा, ने कुचामन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय से बात की और आदेशो की अवहेलना करने पर कार्रवाई करने की गुजारिश की।

### वाहन चालकों को नियम पालना की शपथ दिलाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सागर पाड़ा पर वाहन चालकों के मध्य की जा रही समझाइश के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। परिवहन निरीक्षक सूरज भान ने वाहन चालकों को नियमों के बारे में जानकारी दी और शपथ ग्रहण कराई कि वे सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे व पैदल चलने वाले राहगीर का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर हम एक अच्छे मददगार की भूमिका अदा कर सकते हैं, जिसके लिए राजस्थान सरकार द्वारा अच्छे मददगार करने वाले नागरिक को सम्मानित किए जाने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जब तक वाहन चालक ना चाहे पुलिस आपका बयान नहीं लेगी और वाहन चालक पुलिस की कार्रवाई से भी बच सकते हैं। इसलिये सड़क दुर्घटना में पीड़ित को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाएं और उसका जीवन बचाएं। इस अवसर पर उनके द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए गए और वाहन चालकों के वाहन संबंधित दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया।

### सफाई, व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, एवं आटो टीपर की बिगडी गंभीर अव्यवस्था को जल्द सुधारे : न्यागंली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** क्षेत्रीय विधायक मनोज न्यांगली ने सोमवार को राजगढ़ शहर में काफी लम्बे अर्से से बिगडी सफाई, स्ट्रीट लाईट अव्यवस्था और घर घर कचरा संग्रहण की हालात सुधारने एवं लम्बे समय से सफाई कार्मिकों के भुगतान स्ट्रीट लाईट मरम्मत का भुगतान, आटो टीपर के श्रमिको के भुगतान एव डीजल के बकाया भुगतान को लेकर नगर पालिका कार्यालय राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा प्रशासक एवं अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह सांखला सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार धायल के साथ वार्तालाप की। इस मौके पर कुछ कार्मिको में विधायक मनोज न्यागली के नगर पालिका आफिस में आगमन की सूचना पर आनन-फानन में व्हाट्सएप पर अपनी छुट्टी की एप्लीकेशन भेज कर छुट्टी स्वीकृत करवाली जिस पर विधायक न्यागंली ने नाराजगी जाहिर की सब अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक नही होकर कर्तव्य विमुख होने पर अधिशाषी अधिकारी ने छुट्टी लिये कार्मिकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जबाव पेश करने को कहा। विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि आज पूरा राजगढ़ शहर में चारों और गन्दगी का आलम है गलिया कूडों के ढेर में बदली पड़ी है। रातों में गलियों ने अन्धेरा रहता है जिससे शहर ने लगातार चोरिया बढती जा रही है। घर घर कचरा संग्रहण के आटो टीपर खराब पड़े है। जिसके महिलाए बड़ी परेशान हो यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, विनोद गौतम, सुनील यादव युवा पत्रकार आनन्द आचार्य एवं निर्वतमान पार्षदगण एव शहर के काफी गणमान्य जन आमजन नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित रहे। वहीं वार्ड न 26 के भी काफी लोगो ने अपने वार्ड में नरकीय जीवन से मुक्ति दिलवाने की मांग विधायक मनोज न्यांगली से की जिस पर विधायक न्यागली ने बताया कि 2 दिन बाद वार्ड 26 की इस बड़ी गभीर समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक मनोज न्यांगली ने अपने समर्थकों एक कार्यकर्ताओं को इस भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ आन्दोलनात्मक उदम उठाकर राजगढ़ शहर में बिगड़ी समस्या को सुधारने के लिए निर्देशित किया।

### पशु-पक्षियों के त्वरित उपचार के लिए शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पशु कल्याण पखवाड़े के अंतर्गत मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी के दौरान घायल परिंदों एवं पशु-पक्षियों के त्वरित उपचार के लिए प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय छापर में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप सोनी, पशु चिकित्सा सहायक सुरज्ञान मीणा एवं पशुधन सहायक सुधीर कुमार दूत सेवाएं देंगे।

## नगर पालिका की कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा

# धरना प्रदर्शन कर पालिका पर लगाए कई आरोप

**ग्रीन बेल्ट में हो रहे अवैध निर्माण कार्य, पालिका प्रशासन मौन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सादड़ी।** कस्बे में पिछले लंबे समय से सादड़ी के विकास को मानो ब्रेक सा लग गया है। आज तक किसी तरह का आवश्यक विकास कार्य सादड़ी पालिका क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहा है। बोर्ड अपनी मन मर्जी से बिना किसी बोर्ड बैठक और बोर्ड के प्रस्ताव के बिना ही कई अनावश्यक टेंडर स्वीकृत कर दिए जिससे कांग्रेस पार्षदों में भारी रोष व्याप्त है।

सादड़ी के विकास को मानो सांप सूंघ गया हो वैसी स्तिथि पिचले चार वर्षों से दिखाई दे रही है। ना ही किसी शिकायत को लेकर कोई अधिकारी गंभीर है। जगह -जगह पानी की निकाशी के आभाव में सड़को पर गंदा पानी शामिल हो रहा है तो कहीं नाली निर्माण मे शिथिलता बर्ती जा रही है। कहीं वार्डों में सड़के पुरी तरह से तीतर बितर हो रखी है तो कहीं रोड लाइट का आभाव है। ऐसे मे सादड़ी विकास की दृष्टि से दिनों गर्भित में जाता दिखाइ दे रहा है।

### ग्रीन बेल्ट में हो रहे अवैध निर्माण कार्य

सादड़ी नगर कोंग्रेस के पार्षदों ने पालिका प्रसाशन पर आरोप लगाते हुए पालिका भवन के बाहर अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कोंग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया की पालिका क्षेत्र मे ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण कार्य हो रहे है जिससे पालिका में राजस्व को भी नुकसान हो रहा है जिसकी शिकायत पालिका से करने पर भी किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। शिकायतों के बाद भी प्रसाशन पुरी तरह से मौन दिखाई दे रहा है। साथ ही पालिका में कोंग्रेस पार्षदों के वार्डों में विकास को लेकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य करवाना पालिका को जरूरी नहीं लग रहा है। पालिका ने नियम विरुद्ध निकाले टेंडर। निरस्त करने की मांग। पालिका प्रसाशन ने अपनी मन मर्जी से बिना किसी बोर्ड बैठक और बोर्ड की स्वीकृति के बिना सादड़ी के आज़ाद मैदान मे सौंदर्य करण को लेकर 50 लाख का टेंडर जारी कर दिया जो सरासर नियमों के विरुद्ध है। उस टेंडर को निरस्त करने की कोंग्रस पार्षदों ने मांग की है।

### 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

मुख्यमंत्री के नाम 11 मांगों को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन, सात दिन में मांगे पुरी नहीं होने पर होगा विशाल आंदोलन। सादड़ी के कांग्रेस पार्षदों ने प्रतिपक्ष नेता राकेश मेवाड़ा के नेतृत्व में पालिका प्रसाशन की मनमानी और भेदभाव साहित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 11 मांगों को लेकर पालिका भवन के सामने शांतिपूर्ण तरह से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने ने पालिका बैठक नहीं बुलाने, बिना बोर्ड स्वीकृति के टेंडर निकालने, अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने, पालिका की बोलेरो गाडी होने के बाद भी नया टेंडर निकाल उसको निरस्त करने, साहित 11 मांगे रखी। मौके पर देसूरी तहसीलदार ने उपस्थिति होकर पार्षदों से समझाकर कर मांगे पुरी करने और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस दौरान नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता राकेश मेवाड़ा पूर्व पालिकाध्यक्ष शंकर लाल भाटी, पार्षद ओमप्रकाश बोहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश मीणा, पार्षद रमेश प्रजापत, पार्षद वसीम नागोरी, पार्षद निशा परमार, युवा कांग्रेस नेता राकेश सवंशा, जोगाराम नेवाद साहित सेकड़ो की तादात मे धारणार्थी उपस्थति रहे।



# राजकीय चिकित्सालय में महिला चिकित्सक लगाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर को वरिष्ठ नागरिक समिति ने ज्ञापन भेजकर बताया कि देवीबाई रंगराज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाडोल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति कराने की मांग की गई है। चिकित्सालय में लंबे समय से महिला चिकित्सक का पद रिक्त है, जबकि नाडोल गांव व आस-पास के लगभग 20 से 25 गांवों के मरीज प्रसव पीड़ा एवं अन्य महिला मरीज इस चिकित्सालय में आते हैं। यहां महिला चिकित्सक का अभाव है। ये चिकित्सालय जोधपुर वाया उदयपुर गोमती मेघा हाईवे रोड़ पर आया हुआ। यहां पर दुघर्टनाएं होती रहती है। महिलाओं को रानी, फालना, सादड़ी, पाली, पालनपुर व गुजरात भी जाना पड़ता है। स्थाई समाधान करें जब तक स्थाई नियक्ति न हो तब तक के लिए सप्ताह में दो-दिन महिला चिकित्सक की व्यवस्था प्रतिनियुक्ति कराए। नाडोल में सात डाक्टरों के पद रिक्त हैं, मगर वर्तमान में दो चिकित्सक ही कार्यरत है।

# भाविप के स्नेह मिलन में कैलेंडर का विमोचन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** आदर्श विद्या मंदिर शिवगंज के प्रांगण में सुंदरकांड पाठ एवं स्नेह मिलन एवं भारत विकास परिषद शाखा सुमेरपुर शिवगंज के कैलेंडर का विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुंदरकांड सेवा समिति शिवगंज की सुरेश कुमावत, भरत प्रजापति, प्रकाश कुमावत, धनंजय पंडित, डा. गंगा विष्णु ने भगवान हनुमानजी एवं रामचंद्रजी का पूजा पाठ कर सुंदरकांड पाठ शुरू किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विवेकानंद जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद में नवाचार करते हुए पहली बार कैलेंडर का प्रकाशन कर विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि धर्म जागरण मंच के प्रांत संयोजक रामचंद्र रावल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शताब्दी वर्ष पर अनेक सेवा कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयं संघ के पूर्व प्रचारक तरुण कुमार खंडेलवाल, उद्योग संघ अध्यक्ष दिनेश बिंदल, उद्योग संघ संरक्षक जयंतीलाल जैन, बालिका महाविद्यालय प्राचार्य रवि शर्मा, शिवराज भाटिया पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, महिंद्र गहलोत प्रांतीय महासचिव, प्रमिला गहलोत प्रांतीय महिला संयोजक, गजेंद्र सिंह राणावत, पर्बत सिंह राठौड़ ,भंवरलाल जैन, प्रवीण अग्रवाल, डा. सोहन कुमावत, डा. मनीष जोशी, डा. सुरेश भंडारी, डा. जितेंद्र गोयल, डा. संदीप सिंह का अंग वस्त्र एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों ने परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद स्कूल सुमेरपुर प्रिंसीपल शैतान सिंह सांदु ने किया।

# संविधान को समझना एवं अपनाना आवश्यक : पाटोदा

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का सातवां स्थापना दिवस रविवार को सुमेरपुर स्थित मानसरोवर वाटिका में मनाया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष क्षात्र धर्म और भारतीय संविधान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ तन सिंह की तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना और मंगलाचरण से हुआ। दिग्विजय सिंह कोलीवाड़ा ने कार्यक्रम की भूमिका एवं श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन का परिचय देते हुए कहा कि इस वर्ष संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में फाउंडेशन का सातवां स्थापना दिवस "क्षात्र धर्म और भारतीय संविधान" विषय पर विचार गोष्ठी के रूप में मनाया जा रहा हैं। श्री क्षत्रिय युवक संघ के जालोर संभाग प्रभारी अर्जुन सिंह देलदरी ने संघ की कार्यप्रणाली एवं संघ के संस्थापक पूज्य श्री तनसिंह के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के प्रथम वक्ता के रूप में परबत सिंह खिंदारा गांव ने भारत के संविधान की रूप रेखा को बताया एवं उसे सरल भाषा में समझाया। प्रकाश सिंह भदरू ने बल्लू चंपावत के बलिदान को याद करते हुए, क्षात्र धर्म की पालना का आह्वान किया एवं उन्होंने कहा व्यवस्था में भागीदारी के लिए संघर्ष जरूरी हैं। संघ के केंद्रीय कार्यकारी रेवंत सिंह पाटोदा ने अपने उद्बोधन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से लेकर भगवान श्री कृष्ण, महात्मा बुद्ध, बप्पा रावल, महाराणा प्रताप, दुर्गादास राठौड़ एवं वर्तमान समय तक की परिस्थितियों में क्षत्रियों के संघर्ष पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था में किस तरह श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन कार्य कर समाज की व्यवस्था में हिस्सेदारी बढ़े इसके लिए प्रयास कर रहा है उस पर भी प्रकाश डाला। भारत के संविधान की प्रस्तावना के सभी बिंदुओं पर भी बात करते हुए उन्होंने पूर्वजों के जीवन मूल्यों से परिचय करवाया। कार्यक्रम में कैप्टन सरदार सिंह बलावत, जितेंद्र सिंह गिलाकोर, सीओ सुमेरपुर, प्रताप सिंह बिटिया, झरमल सिंह खिंवाड़ी, यशवंत सिंह जाखोड़ा, चंदन सिंह शेखावत, गजेंद्र सिंह वरावल, हीर सिंह लोड़ता, मोहब्बत सिंह धींगाना, ईश्वर सिंह सरण का खेड़ा, सुमेर सिंह उथमण, अर्जुन सिंह बारेवड़ा, उम्मेद सिंह ऊण, इंदर सिंह, चैन सिंह मालारी एवं फाउंडेशन के पाली, जालोर व सिरोही के सहयोगियों सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

# नकबजनी की वारदात का खुलासा, दो गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** फालना पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नरेश कुमार और श्रीपाल जैन हैं। पुलिस अधीक्षक पाली के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना फालना की टीम ने नकबजनी की वारदात का खुलासा किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने आठ जनवरी की रात्रि में ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोड़कर सोने, चांदी और जेवरात चोरी किए थे। पुलिस थानाधिकारी विक्रमसिंह सांदू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम नरेश कुमार पुत्र शंकरलाल, जाति धोबी, उम्र 31 साल निवासी सुभाष चौक आहोर जिला जालौर और श्रीपाल जैन पुत्र दिनेश जैन, जाति जैन उम्र 37 साल निवासी आहोर जिला जालौर हैं।

# मंत्री और पार्षद के बीच नोक-झोंक

**पाली।** जिले के प्रभारी एवं यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और भाजपा के पूर्व पार्षद किशोर सोमनानी के बीच सर्किट हाउस में हॉट-टॉक हो गई। करीब पांच मिनट तक चले घटनाक्रम के दो वीडियो सामने आए हैं, जिसमें कुछ नेता सोमनानी का समर्थन करते रहे हैं तो कुछ बीच बचाव की कोशिश में दिख रहे हैं। जब सोमनानी ने शहर की समस्याएं और अफसरों का रवैया बताना शुरू किया तो मंत्री को गुस्सा आ गया। सोमनानी उठकर चले गए। सुनील भंडारी ने बीच में किशोर सोमनानी को रोककर आराम से बात करने को कहा तो पूर्व मंडल अध्यक्ष नरपत दवे बोले कि किशोर सोमनानी सही बात कह रहे हैं, समस्याएं हैं।

## पटवारी हड़ताल

# मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** प्रदेशभर में सोमवार से पटवारी आंदोलन कर रहे है। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारीयों ने अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। प्रदेश भर में करीब साढ़े नौ हजार पटवारी हड़ताल पर चले गए है। जिसके चलते अब लोगों को नामांतरण खुलवाने, गिरदावरी करवाने व अन्य पटवार कार्यालय संबंधित कामों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। राजस्थान पटवार संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्य भर के पटवारी काम पर लौटे थे। लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है। पटवार संघ अध्यक्ष युद्धवीर सिंह ने बताया कि राजस्थान पटवार संघ की नौ सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मांग गिरदावरी एप को संशोधन कराने की है। वर्तमान में गिरदावरी के लिए सरकार ने एप बनाया है, जिसमें सर्वेयर के जरिए गिरदावरी करवाई जा रही है। पटवार संघ ने गिरदावरी के लिए एप में संशोधन करने और सर्वेयर की नियुक्ति न करने की मांग की है।




### पिछले साल भी की थी हड़ताल

■ पिछले साल भी पटवारियों ने अपनी इन्हीं मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया था। इस दौरान आमजन खासकर किसानों से जुड़े अधिकांश काम जैसे नामांतरण खुलवाने, गिरदावरी करवाने समेत कई काम प्रभावित हुए थे। इस दौरान पटवार संघ अध्यक्ष युद्धवीर सिंह व उपाध्यक्ष कालूराम मीणा पटवारी दिनेश कुमार, सुरेश ओझा, राम लखन, जीतेंद्र सिंह, मनीष मीणा, करन सिंह, कैलाश पुनिया, नटवर सिंह, जमका बाई आदि पटवारी गण उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश में लाठी से हमला, पीड़ित बेहोश

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** बाली थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 32 वर्षीय जीताराम उर्फ शंकर गरासिया को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के निर्देश पर की गई।

मामले की जानकारी देते बाली पुलिस सीआई परबत सिंह ने बताया कि 14 दिसंबर 2024 को आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते ताहीर हुसैन पर लाठी से जानलेवा हमला किया था। हमले में ताहीर को सिर में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। पीड़ित का इलाज वर्तमान में जोधपुर में चल रहा है और वह अभी भी बेहोशी की हालत में है।

पीड़ित के भाई फरदीन खान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 126(2), 115(2) और 109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने उसे उदयपुर के खादरा कुरा सायरा से गिरफ्तार किया।

# महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर डे मनाया

**रानी।** रानी के मैन बाजार स्थित महावीर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के भूतपूर्व छात्र आयुष डाक्टर चंपालाल सोलंकी मादा गांव, नितिन परिहार मुख्य नर्सिंग ऑफिसर फालना और महेश राजपुरोहित कांस्टेबल जालोर रहे। अतिथियों ने अपने अनुभव के आधार पर सफलता प्राप्त करने के उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निदेशक राघव प्रसाद पाण्डेय ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग सुनाकर जीवन में लक्ष्य निर्धारण के संबोधित किया। प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय ने इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया।

# विकास अधिकारी राजपुरोहित को विदाई

**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी के विकास अधिकारी विक्रमसिंह राजपुरोहित को सोमवार को सभागार में उपखंड अधिकारी विवेक व्यास, प्रधान प्रतिनिधि अमरसिंह राजपुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अचलसिंह सोलंकी, पंचायत समिति सदस्य विक्रमसिंह इंदा, विजराज सिंह राजपुरोहित, भाजपा जिला मंत्री व सरपंच घीसूलाल मेघवाल एईएन कुम्भसिंह भाटी, राजेंद्रसिंह राजपुरोहित की मौजूदगी में बिलाड़ा स्थानांतरण होने पर फूल मालाओं से लादकर विदाई दी गई। इससे पूर्व भी राजपुरोहित देसूरी पंचायत समिति में विकास अधिकारी की उल्लेखनीय सेवाएं दे चुके है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विवेक व्यास ने कहा कि देसूरी पंचायत समिति के बेहतरीन विकास के लिए विकास अधिकारी राजपुरोहित की सेवाएं याद रखी जाएगी। इस दौरान समस्त सरपंचों ग्राम विकास अधिकारियों कनिष्ठ सहायकों समेत जनप्रतिनिधियों ने



राजपुरोहित का साफा व माला पहनाकर भवत स्वागत कर विदाई दी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी ढलाराम चौहान, रूपसिंह चरण, उम्मेदसिंह राणावत, गणेशराम, गलाराम मेघवाल, राकेश कुमार, हरिश्चंद्र, अशोक कुमार, कालूराम मेघवालसमेत कई कार्मिक मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार को 7393.36 लाख रुपए स्वीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पाली जिले की विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर में बिपरजॉय तूफान तथा अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों तथा पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार के लिए 16 कार्यों के लिए सरकार ने 7393.36 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जन प्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। मंत्री के अथक प्रयासों के फलस्वरूप रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर में बिपरजॉय तूफान तथा अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पुलियों के नवीनीकरण एवं पुनरुद्धार के लिए 16 कार्यों के लिए राशि रुपए 7393.36 लाख की स्वीकृति प्रदान कर विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर के आमजन को सौगात प्रदान की हैं। स्वीकृति पर पाली प्रधान मोहिनी देवी पुखराज पटेल, सुमेरपुर प्रधान उर्मिला देवी, गजेंद्र सिंह सहित समस्त जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और सहित आम जन ने मुख्यमंत्री भजनलाल तथा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को धन्यवाद दिया।

### इन रोड़ व पुलियाओं की मिली स्वीकृति

■ विभिन्न कार्यों में रामासिया भांवरी वाया मणिहारी सड़क कि.मी. 5/0 से 24/0 के लिए 2850.00 लाख, गिरवर चाणोद सड़क कि.मी. दो में पुल निर्माण कार्य 1000 लाख, फालना सुमेरपुर सड़क कि.मी. 17/0 से 20/0 के लिए 350.00 लाख, सुमेरपुर जवाई बांध सहक 800 लाख, सांडेराव-कोसेलाव-पावा-जव जोड़ चौराहा मोकलसर सड़क के लिए 450 लाख, कोसेलाव से तखतगढ़ सड़क किमी 0 से 11 के लिए 450 लाख।

# ग्राम पंचायत का नवसृजन कराने जूणा ग्रामवासियों का ज्ञापन



**देसूरी।** उपखंड अधिकारी देसूरी को जिला कलेक्टर के नाम देसूरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोरखा के राजस्व ग्राम जूणा के सेकड़ो ग्रामीणों ने अधिवक्ता श्रीपाल मेघवाल के सानिध्य में ज्ञापन दिया। इस दौरान बताया कि ग्राम पंचायत मोरखा मुख्यालय राजस्व ग्राम जूणा से 11 किलोमीटर दूरी पर है। राजस्व ग्राम जूणा के निवासियों को ग्राम पंचायत मुख्यालय मोरखा जाने हेतु नगरपालिका सादड़ी से होते हुए पंचायत समिति बाली के ग्राम पंचायत मुंडारा से जाना पड़ता है। इसके अलावा मोरखा पंचायत जाने का आवागमन के लिए कोई दूसरा रास्ता नही है। ग्राम पंचायत मोरखा के सृजन के बाद आज दिन तक लंबे समय से ग्राम पंचायत जूणा के नवसृजन की मांग उठाई जाती रही है। राजस्व ग्राम जूणा के वर्तमान में कूल छह वार्ड है जिनमें कुल मतदाता 2526 है, साथ ही वर्तमान जनसंख्या 3046 है। जूणा ग्राम में सरकारी उपक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय दो, राजकीय आंगनबाड़ी दो, राजकीय स्वास्थ्य उपकेंद्र मय आवास एक, राजकीय पशु चिकित्सा उपकेंद्र एक, उचित मूल्य की दुकान एक, पाली दूध डेयरी संकलन केंद्र एक के अलावा स्टेट हाइवे 62 (सोजत, सादडी, जूणा, पिंडवाड़ा है, वहीं पेयजल के लिए जवाई परियोजना के तहत गांव में पेयजल उपलब्ध एवं ग्राम पंचायत का ट्यूबवेल एवं हैंडपंप) सिचाई के लिए जूणा मालारी (मोडिया) बांध से नहर से सिचाई, एनीकट दो के अलावा समस्त सुविधाएं मौजूद है।

# सात दिवसीय युवा सप्ताह का शुभारंभ

**सुमेरपुर।** उपखंड क्षेत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुमेरपुर इकाई द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद बस स्टैंड पर आतिशबाजी कर और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।कार्यक्रम में एबीवीपी के जिला संयोजिका तारा रामीणा एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मनीष परमार, रवि कुमावत, विशाखा परमार, लक्ष्मण, गजेंद्र , हितेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही सात दिवसीय कार्यकर्म का शुभारम्भ किया गया।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | **2025-एमसीजीएम-1136860-1** |
| संस्था का नाम | **बृहन्मुंबई महानगर पालिका** |
| विषय | बी.डी.बी.ए. हॉस्पिटल में विभिन्न सहायक एम एंड ई कार्यो सहित ड्यूएट बी एवं सी विंग के टेरेस हेतु पोलीकार्बोनेट टॉप सीम पैनल शीट्स के प्रतिस्थापन का कार्य। |
| जांच शुल्क | रु. 6600/- (+ 18% जीएसटी) |
| कार्य की अनुमानित लागत | मद दर आधार निविदा |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 46,500/- |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 14.01.2025 को 10.00 बजे |
| बोली प्रतिभूति प्राप्ति की अंतिम दिनांक व समय | 20.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 20.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 21.01.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा बी खुलना | 21.01.2025 को 16.00 बजे |
| लिफाफा सी खुलना | 28.01.2025 को 16.00 बजे |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (दक्षिण) बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय ई.ई. (दक्षिण) में ऑनलाइन |
| एनआईसी पोर्टल | http://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2217/ADV/2024-25 ई.ई. मैक. (दक्षिण)

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।


# अन्नदाताओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार : यादव



**सांडेराव।** पाली जिले में किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान जाग्रति यात्रा का कार्यक्रम राजस्थान प्रभारी सत्यवीर यादव व प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अज़ीज़, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिशुपाल सिंह निंबाडा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव ने देश में किसानों को फसलों के उचित दाम मिलने व किसानों के कर्ज माफ़ करने की पुरज़ोर मांग करते हुए केंद्र सरकार से धरने पर बैठे किसानों की मांगों पर तत्काल सहानुभूति पूर्वक विचार कर लागू करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा ने प्रदेश के किसानों की मांगों व समस्याओं के समाधान नहीं होने पर शीघ्र ही आंदोलन करने की सरकार को चेतावनी देते हुए सदैव किसानों के हित में संघर्ष में तैयार रहने का अवहान किया। जिला अध्यक्ष अज़ीज़ दर्द व प्रदेश कांग्रेस महासचिव शिशुपाल सिंह निंबाडा ने जिले में किसानों की फसलों के खराब होने पर मुआवज़ा नहीं मिलने व फसल बीमा का भुगतान नहीं होने से किसानों की परेशानी से अवगत कराया। इस अवसर पर महावीर सिंह, करण सिंह मेड़तिया, धर्मेंद्र काला, मोहन हटेला, नीलम बिड़ला, जीवराज बोराना ने भी संबोधित किया। यात्रा के संयोजक मोहन सिंह हेमावास ने संबोधन में सभी पधारे हुए गणमान्य का स्वागत करते हुए जिला संयोजक शंकरलाल गहलोत के साथ अतिथियों का स्वागत साफ़ा माला पहना कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। उपस्थित किसान प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में बात रखी। शंकर लाल गहलोत ने अंत में सभी का आभार व धन्यवाद प्रकट किया। इनकी रही उपस्थिति- मदन सिंह जागरवाल, महबूब भाई, गोरधन देवसी, भंवर राव, प्रकाश सांखला, जोगाराम सोलंकी, गणेश चौधरी, सोहन सिंह गुरलाई, सूकाराम दमामी, मंगूसिंह दूदावत, वज़ीर खान, पुष्प सोनी, ललित परिहार, राजू सिंह सोनाई, दिलीप सिंह रावलवास, सज्जन दमामी, जीवराज चौहान, अमीन अली, चंद्रपाल सिंह आदि जनप्रतिनिधि, किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडिया ओपन में भारत उतारेगा सबसे बड़ा दल

## सभी की नजरें सात्विक और चिराग पर



**नई दिल्ली।** भारत में मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक, डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी।

### पीवी सिंधू की वापसी

इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे।

यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं।

## विराट-रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके और बार-बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।

## 23 से होगा आईपीएल का आगाज

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पुष्टि की कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 18वां सीजन 23 मार्च से शुरू होगा। जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को आयोजित मेगा नीलामी के दौरान सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी पसंद की टीम चुन ली है।

नीलामी खत्म होने के बाद इस संभावित तारीख को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि कैश-रिच लीग कब शुरू होगी। मुंबई में विशेष आम बैठक (एसजीएम) में शामिल हुए राजीव शुक्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए आईपीएल 2025 की तारीख का खुलासा किया और कहा, 'आईपीएल 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है।'

पिछले सीजन में आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च को हुई थी, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स का सामना किया था और फाइनल 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुआ था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 सीजन में जोरदार जीत हासिल की।

## पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे श्रेयस



**चंडीगढ़।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को रविवार को मार्च में शुरू होने वाले नए सत्र से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स का कप्तान घोषित किया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में 2024 में खिताब दिलाने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत पर खरीदा था जिससे वह पिछले साल नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी के दौरान दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे।

अय्यर मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे जिनके साथ वह दिल्ली कैपिटल्स में थे और तब टीम 2020 आईपीएल के फाइनल तक पहुंची थी। अय्यर ने एक बयान में कहा, 'मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम मजबूत दिख रही है, जिसमें खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। मुझे उम्मीद है कि टीम प्रबंधन द्वारा दिखाए गए भरोसे को हम अपना पहला खिताब दिलाकर सही साबित करेंगे।'

2024 सत्र अय्यर के लिए यादगार रहा है जिसमें उन्होंने केकेआर के साथ आईपीएल खिताब जीतने के अलावा मुंबई को दूसरी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी दिलाई। वह रणजी और ईरानी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे।

## गोवा इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट शुरू

### 66 वर्षीय रासेत जियादिनोव ने किया उलटफेर



**गोवा।** देश के पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पू र्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मनोहर परिकर की याद में आयोजित हो रहे गोवा इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। 10 राउंड के इस टूर्नामेंट में 19 देशो के 191 खिलाड़ी भाग ले रहे है और इसमें कुल 17 ग्रांड मास्टर 35 इंटरनेशनल मास्टर समेत कुल 93 टाइटल खिलाड़ी भाग ले रहे है। पहले राउंड में अधिकतर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे। पहले बोर्ड पर भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष ने जीत के साथ अपना खाता खोला है । उन्होंने हमवतन श्रीजा पोटलीरि को पराजित करते हुए अपना खाता खोला है, पहले राउंड मे पूर्व एशियन चैंपियन भारत के एसपी सेथुरमन, अरोण्यक घोष, सिंगापूर के सिद्धार्थ जगदीश, भारत के मित्रभा गुहा और आयुष शर्मा ने जीत दर्ज की है। वहीं सबसे बड़ा उलटफेर किया है। यूएसए के 66 वर्षीय ग्रांड मास्टर 103 वरीय रासेत जियादिनोव नें जिन्होंने छठे वरीय ग्रांड मास्टर अनुराग महम्मल को पराजित कर दिया। कभी 2500 के उपर रेटिंग वाले रासेत की वर्तमान रेटिंग 2031 रह गई है पर उन्होंने दिखाया की उनका अनुभव अब भी उनके साथ है ।

## अभिषेक शर्मा से इंडिगो एयरलाइंस ने की बदसलूकी

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंडिगो एयरलाइंस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर स्टाफ के व्यवहार के कारण उनकी फ्लाइट छूट गई। 24 वर्षीय अभिषेक ने कहा कि वह सही चेक-इन काउंटर पर समय पर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें दूसरे काउंटर पर भेज दिया गया, जहां उन्हें बताया गया कि चेक-इन बंद हो चुका है। अभिषेक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कड़े शब्दों में कहा कि उन्हें केवल एक दिन की छुट्टी मिली थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अभिषेक ने कहा, 'मुझे दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ सबसे खराब अनुभव हुआ और स्टाफ, खासकर काउंटर मैनेजर सुश्री सुष्मिता मित्तल का व्यवहार बिल्कुल अस्वीकार्य था। मैं समय पर सही काउंटर पर पहुंचा, लेकिन उन्होंने मुझे अनावश्यक रूप से दूसरे काउंटर पर भेज दिया। बाद में मुझे बताया गया कि चेक-इन बंद हो चुका है, जिससे मेरी फ्लाइट छूट गई। मुझे केवल एक दिन की छुट्टी मिली थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

## चैंपियंस ट्रॉफी को टीम ऑस्ट्रेलिया का ऐलान

### कमिंस-हेजलवुड को चोट के बावजूद मिली जगह



**सिडनी।** पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान चुना गया जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है। कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे थे। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'जब हमने कुछ दिन पहले श्रीलंका दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान किया था तब मुझे जितनी जानकारी थी, उतनी ही आज है।'

उन्होंने कहा, 'उसने स्कैन कराया है लेकिन मुझे उसकी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। हम उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद आराम भी देना चाहते थे।'

वहीं चोट के कारण मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से बाहर रहे हेजलवुड श्रीलंका दौरे की टीम में नहीं है लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का हिस्सा हैं।

**ऑस्ट्रेलिया टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन

## एलेक्स मिशेलसन ने सितसिपास को हराया



**मलबर्न।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है। उन्होंने मैच के दौरान निंभिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाए। मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया।

# मनोरंजन

## शातिर चोर बनेंगे रणबीर कपूर



बॉलीवुड की पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्मों का जिक्र होता है, तो 'धूम' का नाम नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। 'धूम' मूवी के तीन पार्ट पहले ही आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से बेशुमार प्यार मिला है। इन दिनों 'धूम 4' को लेकर चर्चा हो रही है। धूम के अपकमिंग सीक्वल से कई पॉपुलर सितारों का नाम जोड़कर देखा जा रहा है। इस बीच फिल्म की रिलीज और एक दिग्गज एक्टर की एंट्री पर बड़ा अपडेट आया है। धूम फ्रेंचाइजी में वीलेन का रोल अक्सर बदलता रहता है। अब 'धूम 4' की कास्ट से एक पॉपुलर बॉलीवुड एक्टर का नाम जुड़ गया है। बॉक्स ऑफिस पर एनिमल फिल्म से रणबीर कपूर ने धमाल मचा दिया था। अब रणबीर कपूर की एंट्री आदित्य चोपड़ा की फिल्म में हो गई है। जी हां, रणबीर कपूर 'धूम 4' में नजर आएंगे और फिल्म की शूटिंग से लेकर कई अन्य जरूरी अपडेट भी सामने आ चुके हैं। 'धूम 4' की राह सिनेमा लवर्स लंबे समय से देख रहे हैं, लेकिन अब प्रशंसकों को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'धूम 4' की शूटिंग अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पिक्चर की स्टोरी पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि फिल्म में रणबीर के साथ दो एक्ट्रेस भी लीड रोल की भूमिका अदा करेंगी। रणबीर कपूर के पास 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' जैसी फिल्में हैं। इन दोनों फिल्मों की रिलीज के बाद एक्टर 'धूम 4' पर काम शुरू करेंगे। आदित्य चोपड़ा की धूम फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त कई मायनों में खास होने वाली है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि फिल्म की कास्टिंग पर काम भी बेहद जल्द शुरू हो जाएगा। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर आने वाले दिनों में कई मोस्ट अवेटेड फिल्मों का हिस्सा बनेंगे। इन दिनों अभिनेता नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' की शूटिंग पर काम कर रहे हैं। बता दें कि इसे दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा और पहला पार्ट साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। वहीं, इसका दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में आएगा। फैंस इसका बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। इसके अलावा, रणबीर के पास 'लव एंड वॉर' फिल्म भी है।


## साउथ की फिल्म 'नागबंधम' की पहली झलक रिलीज



2025 की शुरुआत में ही एक और पैन इंडिया फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। युवा नायक विराट कर्ण का मचअवेटेड फिल्म 'नागबंधम' से रुद्र के रूप में पहला लुक राणा दग्गुबाती द्वारा जारी किया गया है। फिल्म निर्माता अभिषेक नामा द्वारा निर्देशित इस भव्य परियोजना ने अपनी घोषणा के बाद से ही काफी चर्चा बटोरी है। वहीं पोस्टर की झलक देखते ही फैंस ने कहा– एक और ब्लॉकबस्टर तैयार है। पहले पोस्टर में विराट कर्ण को एक आकर्षक और दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें घुंघराले बाल, दाढ़ी और सुडौल शरीर है। एक साहसी मुद्रा में दिखाए गए कर्ण एक एक्शन से भरपूर दृश्य में शर्टलेस दिखाई देते हैं। जहां वह समुद्र में एक खतरनाक मगरमच्छ से लड़ते हैं। अपने हाथों और रस्सी से मगरमच्छ का मुंह पकड़े हुए, रुद्र का निडर व्यवहार और अथक शक्ति केंद्र में है। जो एक स्थायी छाप छोड़ती है।

नागबंधम


## 100 करोड़ के क्लब में एंट्री से चूकी 'गेम चेंजर'



तेलुगु सुपरस्टार राम चरण इन दिनों फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने इससे दो साल के बाद पर्दे पर वापसी की है। वहीं, इसके जरिए वो पहली बार बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आए। फिल्म ने रिलीज के बाद ही बवाल मचा दिया था। 10 जनवरी, को ओपनिंग डे पर मूवी ने कमाल का कलेक्शन किया था। इसने इंडिया में 51 करोड़ का कलेक्शन कर धमाल दिया था। लेकिन, इसके बाद इसकी कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, इसके साथ सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' आई, जिसका बॉक्स ऑफिस पर डब्बा गुल हो गया है। ऐसे में चलिए बताते हैं दोनों ही फिल्मों ने फर्स्ट वीकेंड पर कितना कलेक्शन किया है।

दरअसल, राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें थीं। 450 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म की शुरुआत तो शानदार रही लेकिन, इसके बाद इसकी कमाई में लगातार गिरावट आई। माना जा रहा था कि फिल्म पहले वीकेंड पर 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मार सकती है लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। रविवार को कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें देखने के लिए मिल रहा है कि फिल्म 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मारने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 'गेम चेंजर' तीसरे दिन यानी कि रविवार को बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी है और दूसरे दिन से 21.30 प्रतिशत की गिरावट देखने के लिए मिली है। 'गेम चेंजर' ने तीसरे दिन भारत में 17 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, दूसरे दिन यानी कि पहले शनिवार को इसकी कमाई का आंकड़ा 21.6 करोड़ था। लेकिन, पहले दिन के मुकाबले इसमें 57.65 प्रतिशत की गिरावट देखने के लिए मिली है।

## ऋतिक ने दिया फिल्म 'वॉर 2' पर बड़ा अपडेट



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे है। ये फिल्म इसी साल 14 अगस्त को रिलीज होगी। अब फैंस को ऋतिक रोशन ने एक और बड़ी अपडेट दे दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं, ऋतिक के साथ पहली बार जूनियर एनटीआर भी स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। इससे पहले 'वॉर' जो साल 2019 में आई थी उसमें टाइगर श्रॉफ थे। ये फिल्म बॉक्स पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब लगभग पांच साल बाद 'वॉर 2' आ रही है। इसी पर ऋतिक रोशन ने अपडेट दिया है। ऋतिक रोशन ने हाल ही में एक मीटअप के 'वॉर 2' के बारे में बात की। ऋतिक से 'वॉर 2' को लेकर ही सवाल किया गया था तो उन्होंने बताया कि वह फिल्म के लिए अब बस एक चीज बाकी रह गई है जो है उनका और जूनियर एनटीआर का डांस ऑफ जो काफी खास होने वाला है जिसके लिए वो काफी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा "आशा करता हूं मेरे पैर मजबूत रहेंगे।" अब फैंस फिल्म में दोनों स्टार्स का डांस देखने का इंतजार कर रहे हैं। बेशक से डांस ऑफ बहुत मुश्किल होने वाला है क्योंकि दोनों ही एक्टर दमदार डान्सर है। 'वॉर' फिल्म में ऋतिक रोशन ने टाइगर श्रॉफ के साथ दमदार ट्रैक 'जय-जय शिव शंकर' पर डांस किया था , जिसके बाद 'वॉर 2' से फैंस की उम्मीदें बढ़ गई है। इसी के साथ फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े स्टार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन को एक साथ थिरकते हुए देखना फैंस के लिए उत्साह भरा होने वाला है। 'वॉर 2' को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म 'वॉर 2', यशराज फिल्म्स के 'स्पाई यूनिवर्स' की छटवीं फिल्म है। फिल्म की शूटिंग होते हुए लगभग एक साल बीत चुका है। इसकी कहानी आखिर क्या होगी इसकी जानकारी भी किसी को नहीं लग पाई है।

## शहनाज से रवीना तक सेलेब्स ने फैंस को दी लोहड़ी की लख-लख बधाई

खुशियों और नई फसल से जुड़े त्योहार लोहड़ी को सोमवार को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को लोहड़ी की ढेरों बधाई दी। बधाई देने वाले सितारों की लिस्ट में रवीना टंडन, भाग्यश्री, शहनाज गिल समेत अन्य का नाम शामिल है। शहनाज गिल, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी के साथ ही रवीना टंडन, भाग्यश्री, सुनील शेट्टी समेत अन्य सितारों ने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और उन्हें लख-लख बधाइयां दी। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर जश्न की वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां।" शेयर की गई तस्वीरों में रवीना अलाव जलाती और भांगड़े की थाप पर थिरकती नजर आईं। तस्वीरों में अभिनेत्री के साथ भाग्यश्री भी नजर आईं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, "लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां! कितना नाचे, कितनी पानीपुरी खाई, कितनी खुशियां बटोरी। ढोल ताशे, गुड़ बताशे। सरसों दा साग और मक्की दी रोटी, आपका साथ हमेशा मजेदार।"

## नीना गुप्ता की नातिन का नाम रखा 'मतारा'



नीना गुप्ता हाल में ही नानी बनी थी। उन्होंने इसकी खुशी भी जाहिर की और बताया कि उनकी बेटी मसाबा मां बन गई हैं। अब नातिन के जन्म के तीन महीने बाद नीना गुप्ता की बेटी की बेटी और फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता और उनके पति-अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने अपनी बेटी का नामकरण किया और नाम का ऐलान सोशल मीडिया पर कर दिया है। उन्होंने अपनी प्यारी बेटी का नाम चाहनेवालों को इंस्टाग्राम पर बताया है। सोमवार को इंस्टाग्राम पर मसाबा ने लोहड़ी के मौके को बेटी का नाम बताने के लिए चुना। इस पोस्ट में उन्होंने एक प्यारी सी तस्वीर भी शेयर की जिसमें बेटी के हाथ की झलक दिख रही है। नीना गुप्ता की नातिन का नाम 'मतारा' रखा गया है। नाम के ऐलान के साथ ही मसाबा ने यह भी बताया कि इसका क्या मतलब है और बच्ची की एक अनदेखी तस्वीर भी पोस्ट की। जैसे ही उनकी बेटी तीन महीने की हुई, मसाबा ने उसे एक झलक दिखाई। उन्होंने बिस्तर पर लेटे हुए बच्चे के हाथ की क्लोज-अप तस्वीर पोस्ट की। मसाबा ने अपना हाथ बच्चे के बगल में रखा हुआ था। उन्होंने एक चूड़ी पहनी हुई थी जिस पर 'मतारा' शब्द लिखा हुआ था। तस्वीर शेयर करते हुए मसाबा ने लिखा, 'मेरी मातारा के साथ तीन महीने (ट्यूलिप इमोजी)। यह नाम नौ हिंदू देवियों की दिव्य स्त्री ऊर्जा का प्रतीक है, जो उनकी शक्ति और ज्ञान का जश्न मनाता है। साथ ही हमारी आंखों का तारा।' बता दें, मसाबा और सत्यदीप ने पिछले साल अक्टूबर में एक बेबी गर्ल का स्वागत किया था।

## राजस्थान : बजट सत्र 31 से

# धर्मांतरण रोकने बिल लाएगी भजनलाल सरकार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू हो रहा है। सरकार की कई महत्वपूर्ण बिल लाने की तैयारी है। मीसा बंदियों को पेंशन संबंधी विधेयक पर भी इस सत्र में चर्चा होनी है। भूजल संबंधी विधेयक को प्रवर समिति के पास विचाराधीन है, उसे लेकर भी सरकार की रणनीति तैयार कर रही है। अजमेर में आयुष विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए भी इस सत्र में बिल लाया जा सकता है।

### सहमति से धर्म परिवर्तन पर सूचना अनिवार्य

चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे के मुताबिक़ सरकार 'दी राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ़ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ़ रिलीजन 2024' लेकर आएगी। बिल में जबरन या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवाने पर रोक रहेगी। कोई व्यक्ति अगर धर्म परिवर्तन कराएगा और विवाह करता है तो न्यायालय उसे अमान्य घोषित कर सकता है। इसके अलावा सहमति से धर्म परिवर्तन करने पर भी जिला प्रशासन को इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा।

### जोधपुर में बनेगा आयुष विश्वविद्यालय

भूजल संरक्षण के लिए प्राधिकरण बनाने के मकसद से पिछले सत्र में विधानसभा में पेश किया गया है। बिल प्रवर समिति के पास विचाराधीन है। इसके साथ ही अजमेर में आयुष विश्वविद्यालय के लिए भी विधेयक तैयार किया जा चुका है। अगर बिल पास होता है जोधपुर के बाद ये दूसरा आयुष विश्वविद्यालय होगा।

### लोकतंत्र सेनानियों के पेंशन विधेयक पर चर्चा

आपातकाल के दौरान जेलों में बंद रहे लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन देने के लिए विधानसभा के पिछले सत्र में विधेयक पेश हो चुका है। लेकिन, उस पर चर्चा नहीं हो पाई थी। माना जा रहा है कि इस सत्र में सरकार उसे पारित करवाने की रणनीति बना रही है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां तेज

# उदयपुर में ध्वजारोहण करेंगे सीएम शर्मा

**जयपुर।** पूरे देश में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाने वाला है। इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। राजस्थान में भी इसके लिए विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार राजस्थान में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन झीलों की नगर उदयपुर में आयोजित होने वाला है। जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा हिस्सा लेने वाले हैं. उदयपुर में राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस के लिए सीएम भजनलाल शर्मा ने खुद अधिकारियों को निर्देश देकर इसके भव्य आयोजन करने को कहा है। वहीं अलग-अलग जिलों में ध्वजारोहण के लिए मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### 24 जिलों की सूची जारी

दिया कुमारी- जयपुर , प्रेमचंद बैरवा- भरतपुर किरोड़ी लाल मीणा- सवाई माधोपुर गजेंद्र सिंह- फलौदी राज्यवर्धन राठौड़- दौसा मदन दिलावर- कोटा कन्हैया लाल- टोंक जोगाराम पटेल- जोधपुर सुरेश सिंह रावत- अजमेर अविनाश सिंह रावत- ब्यावर सुमित गोदारा- बीकानेर जोराराम कुमावत- पाली बाबूलाल खराड़ी- डूंगरपुर हेमंत मीणा- प्रतापगढ़ संजय शर्मा- अलवर गौतम कुमार- चित्तौड़गढ़ झाबर सिंह खर्रा- सीकर हीरालाल नागर- बूंदी ओटाराम देवासी- सिरोही मंजू बाघमार- नागौर विजय सिंह- भीलवाड़ा कृष्ण कुमार केके विश्नोई- बाड़मेर जवाहर सिंह बेढ़म- डीग जागेश्वर गर्ग- जालोर।

# आज मचेगी पतंगबाजी की धूम

## मोदी, शाह, भजनलाल और गहलोत की पतंगें लड़ाएंगी पेंच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मकर संक्रांति को लेकर जयपुर में पतंगबाजी का अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इस बार संक्रांति पर हवा का रुख पतंगबाजी के लिए अनुकूल रहेगा। हवा की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है और इसकी दिशा दक्षिण-पूर्व से पश्चिम की ओर रहेगी। हालांकि दिन में चार घंटे पतंगबाजी पर रोक रहेगी और एयरपोर्ट के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में पतंग और लालटेन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।



### अस्पतालों में विशेष इंतजाम

■ मकर संक्रांति के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जयपुर के प्रमुख अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसएमएस अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर को पूरी तरह से तैयार रखा गया है। न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और जनरल सर्जरी विभाग के डाक्टर 24 घंटे सेवाएं देंगे। जयपुरिया हॉस्पिटल समेत अन्य अस्पतालों में भी डाक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

### ऐतिहासिक पतंग बाजार

■ जयपुर का हांडीपुरा बाजार पतंगबाजी के लिए बेहद खास है। करीब 80 साल पुराने इस बाजार की शुरुआत महज तीन दुकानों से हुई थी, जो अब 100 से अधिक दुकानों में बदल चुका है। यहां सालभर पतंगें और मांझा बिकते हैं। मकर संक्रांति के समय यह बाजार मेले जैसा माहौल प्रस्तुत करता है। जयपुर की 80% पतंगों की बिक्री इसी बाजार से होती है और देशभर में यहीं से पतंगों की सप्लाई की जाती है।

### पुलिस के निर्देश

■ गौरतलब है कि जयपुर में मकर संक्रांति के दौरान पतंगबाजी से लगभग 20 करोड़ रुपए का व्यापार होता है। इधर चाइनीज मांझे के कारण बढ़ते हादसों को देखते हुए प्रशासन ने चाइनीज मांझा बेचने पर सख्ती बरतने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं।

### राजनीतिक हस्तियों वाली पतंगें

मशहूर कलाकार अब्दुल गफूर खान अपनी राजनीतिक हस्तियों की तस्वीरों वाली पतंगों के लिए चर्चा में हैं। वे पिछले 40 सालों से यह काम कर रहे हैं। अटलबिहारी वाजपेयी, नरेंद्र मोदी, भजनलाल, दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, अशोक गहलोत, सचिन पायलट जैसे नेताओं की तस्वीरों वाली पतंगें बनाकर वे इन्हें भेंट करते हैं। गफूर का कहना है कि पतंगें और नेता दोनों ही हवा के रुख के अनुसार दिशा बदलते हैं।

## असंतुलित होकर पलटी स्कॉर्पियो

# हादसे में दो की मौत, चार गंभीर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** तेज रफ्तार स्कोर्पियो असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में स्कोर्पियो में सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि पांच युवक गंभीर घायल हो गए। हादसे में स्कोर्पियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घायलों को निजी वाहन व एम्बुलेंस की सहायता से बागड़ अस्पताल में लाया गया जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सूचना के अनुसार जिले के मंडिया बाईपास के निकट रूपावास रोड पर रविवार देर शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो असंतुलित होकर कई बार पलट गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार पाली के सुभाष नगर बी निवासी 22 साल के राणाराम की मौत हो गई। वहीं पांच युवक हादसे में गंभीर घायल हो गए, जिनमें से तीन अत्यधिक गंभीर घायलों को इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया। जिनमें से एक और गंभीर घायल ने जोधपुर पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में सुमित ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक व घायलों के परिजन व रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे, अस्पताल में परिजनों व रिश्तेदारों की चीख पुकार मच गई। ट्रॉमा वार्ड परिजनों व रिश्तेदारों से भर गया। मामले को लेकर अस्पताल में पुलिस जाब्ता बुलाना पड़ा। लोगों की भीड़ देख मौके पर पुलिस जाप्ते के साथ आरएससी के जवानों को तैनात किया गया। सोमवार को शवों का पोस्टामार्टम करवा परिजनों को दिया गया।



## संभल : मस्जिद के बाहर 12 दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

**संभल।** यूपी के संभल में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी है। प्रशासन पर मस्जिद के बाहर बनी 12 दुकानों पर बुलडोजर चलवाएगा। हालांकि इससे पहले दुकानदारों को 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दे दिया गया है। दुकानों से कहा गया है कि अपनी-अपनी दुकानों को समय रहते खाली कर लें। इसको लेकर एसडीएम ने दुकानदारों के साथ बैठक भी की और फिर मौके पर पहुंचकर सड़क की पैमाइश कराई। थाना मस्जिद पहुंचकर एसडीएम ने मस्जिद के क्षेत्रफल के बारे में जानकारी ली और मस्जिद कमेटी से मस्जिद की भूमि के दस्तावेज दिखाने को कहा। दुकानदारों की तरफ से बताया गया कि वक्फ की भूमि पर मस्जिद और दुकानें बनी हुई हैं, लेकिन दुकानदार कागजात नहीं दिखा पाए। कोतवाली के पास सर्राफा बाजार मार्ग पर सड़क की चौड़ाई कम है, ऐसे में यहां अक्सर जाम के हालात बने रहते हैं। इसी रोड पर मस्जिद भी मौजूद है। शहर के बाजार को जाम से निजात दिलाने के लिए अफसरों ने सड़क के चौड़ीकरण की रूपरेखा बनाई है।

## धमाके के साथ फट गई जमीन

# धरती में समां गया 36000 किलो का ट्रक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में बड़ी घटना हुई है। गनीमत रही कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई, हालांकि सड़कों की खस्ता हाल का एक बार फिर से खुलासा कर दिया है। दरअसल अलवर नेशनल हाईवे 248 पर सोमवार को हनुमान सर्किल कुछ आगे एक बड़ा हादसा हुआ। डस्ट से भरा एक डंपर सड़क के नीचे धंस गया, जिससे हाईवे पर तीन मंजिल और चौड़ा गड्ढा बन गया। हादसे में डंपर का पिछला हिस्सा जमीन में समा गया, जबकि अगला हिस्सा ऊपर की ओर उठ गया। गनीमत रही कि ड्राइवर सुरक्षित बच गया। ट्रक का कुल वजन करीब 36000 किलो था।

### सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे गंभीर सवाल

इस हादसे ने हाईवे निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले ही बनी थी। जिसकी लागत करीब सौ करोड़ से भी ज्यादा थी। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। गड्ढे के कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ना पड़ा। पुलिस और सड़क विभाग की टीमें मौके पर राहत कार्य में जुटी रहीं।

### प्रशासन के खिलाफ रोष, उच्चस्तरीय जांच की मांग

■ घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी को लेकर प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में ठेकेदारों ने मानकों का पालन नहीं किया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच की मांग की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने यह भी कहा है कि गड्ढे को जल्द से जल्द भरकर हाईवे पर यातायात सुचारू किया जाएगा।

## काशी विश्वनाथ में शिवलिंग की पूजा नहीं कर सकीं लॉरेन



**वाराणसी।** एप्पल के सीईओ स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स इन दिनों भारत में हैं। लॉरेन का दौरा लगातार सुर्खियों में है। हाल ही में उन्होंने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्हें पवित्र शिवलिंग नहीं छूने दी गई। गिरी महाराज का कहना है कि वो बहुत धार्मिक और अध्यात्मिक हैं। वो मुझे अपने पिता के समान इज्जत देती हैं और अपना गुरु भी मानती हैं। उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। यह इस बात का उदाहरण है कि भारतीय सभ्यता दुनिया भर में पसंद की जाती है। हालांकि मंदिर के कुछ प्रोटोकॉल होते हैं, जिसे फॉलो करना भी हमारी जिम्मेदारी है। गिरी महाराज ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर की शिवलिंग को छूने में कोई बुराई नहीं है। हालांकि मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं मंदिर का आचार्य हूं और यहां के नियम मानना मेरा कर्तव्य है। बेशक लॉरेन मेरी बेटी है। जब वो दर्शन करने आईं तो महर्षित व्यासानंद भी मंदिर में मौजूद थे। पूरी परिवार ने अभिषेक करते हुए पूजा की। लॉरेन को प्रसाद और माला भी दी गई। हालांकि परंपरा के अनुसार कोई भी गैर हिंदू काशी विश्वनाथ की शिवलिंग का स्पर्श नहीं कर सकता है।

# नाबालिगों तक सिगरेट पहुंचा रहा 'ब्लिंकइट'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कोटा।** जिले में फास्ट डिलीवरी के आधार पर घर-घर पहुंचाने वाली सामान ब्लिंकिट कंपनी के एक डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक डिलीवरी बॉय को लैंडमार्क सिटी क्षेत्र में नाबालिग छात्रों तक सिगरेट की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इस गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि डिलीवरी बॉय सत्यप्रकाश कोली (48) को शनिवार शाम को गिरफ्तार किया गया। वह कोचिंग के छात्रों को सिगरेट की आपूर्ति कर रहा था, उसी समय पुलिस की टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी सामानों की फास्ट डिलीवरी करने वाली कंपनी द्वारा कम उम्र के कोचिंग छात्रों को सिगरेट की बिक्री और आपूर्ति के खिलाफ कार्रवाई के दौरान की गई। एसपी ने बताया कि 'ब्लिंकिट' के लिए काम करने वाले आरोपी पर किशोर न्याय अधिनियम की धारा 77 और राजस्थान धूम्रपान निषेध एवं धूम्रपान रहित व्यक्तियों के स्वास्थ्य संरक्षण अधिनियम की धारा 9/11 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




▶▶ डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

### मना करने के बावजूद सप्लाई रखी जारी

उन्होंने बताया कि नगर पुलिस ने पहले ही लैंडमार्क सिटी स्थित ब्लिंकिट कंपनी के कार्यालय के प्रतिनिधियों को पत्र लिखकर नाबालिग छात्रों को सिगरेट न बेचने और न ही आपूर्ति करने को कहा था। निर्देश देने के बावजूद कंपनी छात्रों को सिगरेट बेचती पाई गई। सिटी एसपी अमृता दुहान ने बताया कि नाबालिगों को प्रतिबंधित सामग्री की बिक्री और आपूर्ति में शामिल कंपनी के अन्य कर्मियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### जांच के दायरे में पूरा नेटवर्क

वहीं कुन्हाड़ी के सर्किल इंस्पेक्टर अरविंद भारद्वाज ने बताया कि पुलिस कंपनी के खिलाफ भी आरोप-पत्र दाखिल करेगी। उन्होंने कहा कि नाबालिगों को धूम्रपान सामग्री और तंबाकू की बिक्री करना एक गंभीर अपराध है और पुलिस जांच के दौरान अन्य शहरों में कंपनी के प्रतिबंधित वस्तुओं के वितरण नेटवर्क की भी जांच की जाएगी। भारद्वाज ने बताया कि कंपनी के गोदाम से स्टॉक और आपूर्ति रजिस्टर बरामद कर जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को रविवार को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अंगीठी ने ली तीन लोगों की जान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में अंगीठी का उपयोग करना जानलेवा साबित हो गया। राजस्थान के भिवाड़ी में अंगीठी के कारण दम घुटने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। राजस्थान में खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति, उसके बेटे और बेटे के दोस्त की बंद कमरे में रात भर अंगीठी जले रहने के कारण दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में रविवार को उस समय पता चला जब कमरे से कोई गतिविधि न होने पर परिवार के अन्य सदस्यों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। भिवाड़ी थानाधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा ने बताया कि धनंजय (50), उनके बेटे अंकित (14) और पड़ोसी अभिषेक राय (25) ने शनिवार रात को कमरे में गर्माहट के लिए अंगीठी जलाई और उसे बिना बुझाए सो गए। उन्होंने बताया कि रात भर अंगीठी से जहरीली गैस निकलती रही, जिससे तीनों बेहोश हो गए और बाद में दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

## जुकरबर्ग का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत : वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के दावे का खंडन किया है। जुकरबर्ग ने कहा था कि भारत समेत दुनिया भर में अधिकतर मौजूदा सरकारें कोविड-19 के बाद हुए चुनावों में हार गईं। जुकरबर्ग के बयान का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि ये दावे 'तथ्यात्मक रूप से गलत' है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में जुकरबर्ग ने कहा, '2024 दुनिया भर में एक बड़ा चुनावी साल था। भारत जैसे सभी देशों में चुनाव हुए। हर जगह मौजूदा सरकारें चुनाव हार गईं। वैश्विक स्तर पर कुछ न कुछ ऐसा हुआ है, चाहे वह महंगाई के कारण हो, आर्थिक नीतियों के कारण हो या सरकारों के कोविड से निटपने के तरीकों के कारण, ऐसा लगता है कि इसका वैश्विक प्रभाव पड़ा है। वर्तमान पदाधिकारियों और संभवतः इस प्रकार की लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास में बड़ी कमी आई है।' जुकरबर्ग की टिप्पणियों, जिसमें विशेष रूप से भारत का जिक्र किया गया था, पर सरकार की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनके इस दावे को गलत बताया कि 'पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 2024 का चुनाव हार गई है'। वैष्णव ने जुकरबर्ग के बयान की तथ्यात्मक गलती पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत ने 2024 के चुनावों को 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं के साथ आयोजित किया। भारत के लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए पर भरोसा जताया। जुकरबर्ग का दावा है कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोविड के बाद हार गईं, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है।'



## कोटा : छात्रों की आत्महत्याओं से प्रशासन सख्त

**कोटा।** कोचिंग नगरी कोटा में कोचिंग छात्रों की लगातार दो आत्महत्याओं के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। जिला कलेक्टर डा. रविंद्र गोस्वामी ने जिला प्रशासन और कोचिंग संचालक हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ बैठक की है। सरकार की ओर से दी गई गाइडलाइन के बाद भी कुछ हॉस्टल और पीजी ऐसे हैं जो गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। इसको लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, हाल ही में कोचिंग छात्र अभिषेक ने पीजी में रहकर आत्महत्या कर ली थी। वहां कोई हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी थी। हॉस्टल और पीजी संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों पर पूरी तरह से नजर रखें। वे नियमित रूप से कोचिंग क्लास जा रहे हैं या नहीं और उनके टेस्ट मार्क्स पर नजर रखें। इसके बावजूद भी छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। मामले को लेकर कोटा जिला कलेक्टर डा. रविंद्र गोस्वामी ने कहा कि जेईई परीक्षा को लेकर हमने प्रयास किए हैं, यह बड़ी परीक्षा है और इसमें 15 हजार छात्र हैं।

■ हमेशा तैयार रखें प्लान 'बी' : डीएम

## राजपुरोहित सेवा न्यास, मुंबई

# राजपुरोहित समाज में शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं : मवड़ी



### आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी काम करें : अनु पुरोहित

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के मरीन लायंस स्थित पाटकर सभागृह हॉल में आयोजित राजपुरोहित सेवा न्यास की ओर से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में राजपुरोहित सेवा न्यास के पदाधिकारी खेतसिंह राजपुरोहित मवड़ी ने सर्वप्रथम मंच पर सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि समाज में पर्दे के पीछे रहकर जिन्होंने समाज विकास व बालिका शिक्षा के लिए हमेशा बड़ा सहयोग यदि रहा है तो वह है राजेंद्रसिंह खांडप। मवड़ी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों व शिक्षा के बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। सामाजिक परिवर्तन के लिए शिक्षा जरूरी है। हमें लड़कों के साथ लड़कियों को भी उच्च शिक्षा देनी चाहिए। खेतसिंह मवड़ी ने कहा कि समाज की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। हम सबको आगे बढ़कर समाज सेवा में एकजुट होकर अहम भूमिका निभानी होगी। इसी कड़ी में प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह के कार्यक्रम में समाजसेविका श्रीमती अनु राजपुरोहित ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित किए बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। राजपुरोहित सेवा न्यास की ओर से आयोजित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मेलन मे उन्होंने समाज बंधुओं से आह्वा किया कि वह बेटियों को जरूर पढ़ाएं। राजपुरोहित समाज की महिलाएं चार दीवारी से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी काम करने के लिए अपने विचार प्रकट कर समाज एकता पर जोर दिया। प्रतिभावान सम्मान समारोह में करीबन दो सौ छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए। मंच पर राजस्थानी गीतों पर नृत्य करने वाली प्रतिभाओं व समारोह में दसवीं, यू.जी.पीजी, बारहवीं, कक्षाओं की अखिल भारतीय योग्यता सूची में प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के साथ खेलकूद या अन्य गतिविधियों में भाग लेकर राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से आने वाले छात्र-छात्राएं व अतिथियों, पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के.पुरोहित, अध्यक्ष सोहनसिंह गुडाजेतिग, खेतसिंह मवड़ी, प्रभुराम करडा, प्रतापभाई जेतपुरा, हुकमसिंह खींचन, डा.गुलाबसिंह राजपुरोहित, मोतिसिंह विठू, नवाराम खिरोड़ी, अश्विन सिंह शिवतलाव, गुलाब सिंह पिंडवाड़ा, नरेशसिंह ठाकुरला, कानसिंह तिवरी, हिम्मत सिंह चांचौड़ी, नगरसेवक आकाश पुरोहित, सूरज पुरोहित दासपा, मंगल सिंह गोविंदला, कमल सिंह राजलदेसर, महेंद्रसिंह डोडू, अर्जुन सिंह खाराबेरा, मासमा उपाध्यक्ष गणपत डी.खिरोड़ी, पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा, राजुसिंह राजपुरोहित, गणपतसिंह रेवतडा, सोहनसिंह नागौर, घमाराम पुरोहित, नारायणसिंह ऊन, हेमाराम लुम्बावास, पुरुषोत्तम मेड़ा, बलवंत अंनखोल, भमराराम गोलिया, गणपतलाल पुरोहित, कल्याणसिंह साँकरना, दिनेश साथू, कथावाचक विट्ठल महाराज, विजयसिंह भवरानी, महेंद्रसिंह सिंदरली, मांगीलाल साकरणा, जुहारमल उड़, हिटलर सिंह बारवा, प्रभुराम फागोतरा, खेमराज वाली, लक्ष्मण तातडा, सुभाष पाडीव, भावेश जामोतरा, तुलसीराम कैलाशनगर, पूनमाराम खिरोड़ी, जगदीश सिंह एरौली, हरिसिंह मुलेवा, किशोरसिंह नोरवा, जयसिंह मुलेवा, अनराज सिंह नोरवा, हेमंत खिरोड़ी, विमल पालड़ी, पारस वाली, रमेश फासरिया समेत सैकड़ों पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन सीमा राजपुरोहित, खिरोड़ी ने किया।







दो सौ प्रतिभाएं हुई सम्मानित